


# दैनिक शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ ...






वर्ष -01 | अंक-8 | RNI UP HIN/2015/64737 | पृष्ठ:4 , | मुल्य = 4 रूपया | बृहस्पतिवार, 29 दिसंबर 2022


## संक्षिप्त समाचार

### ग्रामीण चिकित्सकों को स्वास्थ्य मित्र में बहाली को लेकर सौंपा ज्ञापन



**दैनिक शुभ भास्कर सत्येन्द्र कुमार,संवाददाता**

पटना ग्रामीण चिकित्सक एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंशु कुमार तिवारी ने मंगलवार को बिहार विधानसभा नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा से मुलाकात कर ग्रामीण चिकित्सकों को स्वास्थ्य मित्र में बहाली को लेकर ज्ञापन सौंपा। नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि ग्रामीण चिकित्सकों के द्वारा सौंपा गया ज्ञापन में ग्रामीण चिकित्सकों को प्रशिक्षण व स्वास्थ्य मित्र में बहाली को लेकर दिया गया है वही इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि ग्रामीण चिकित्सकों की मांग जायज है और मैं इसे सदन में उठाने उठाने का काम करूंगा।

## कल्पना नर्सिंग होम में लगातार हों रही मौत जांच का आदेश, कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग

### जिला कलेक्टर ताराचंद मृतकों को मिलेगा उचित मुआवजा

**दैनिक शुभ भास्कर उदयपुर, हेमेंद्र सालवी /किशन लाल मेघवाल**



पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोट ना मिल ने का लगाए बहाना। जिम्मेदार डॉक्टर सूत्रों के मुताबिक रामी बाई पत्नी रतनलाल उम्र 30 वर्ष जिसको पीलिया और कमजोरी थी लेकिन डॉ हर्ष चुध ने कैंसर बताकर ऑपरेशन कर दिया। ऑपरेशन की वजह से रानी बाई ठीक उसी समय उनकी मौत हो गई। परिजनों ने सामाजिक संगठन संघ कर प्रदर्शन की तैयारी।

कल्पना नर्सिंग होम में मौतों का सिलसिला लगा तार जारी है। महीने भर के अंदर दो महिलाओं की मौत दोनों महिलाओं को राजकीय महाराणा भूपाल अस्पताल उदयपुर से डॉ हर्ष द्वारा कम पैसों में ठीक कर देने की लालच देकर कई ऐसे अनजान ग्रामीणों को बहला-फुसलाकर दलालों के सहारे अपने प्राइवेट कल्पना नर्सिंग होम में लाया। गया सूत्रों के मुताबिक जानकारी मिलि की मौत का सिलसिला यहीं से शुरू होता है। पहले तो मरीज और उनके परिवारों को बेहतर ईलाज की सलाह देता है। और फिर अपने प्राइवेट नर्सिंग होम कल्पना नर्सिंग होम में ले जाकर भर्ती कर देता है ठीक इसी प्रकार से रामी बाई के साथ ऐसा ही कुछ हुआ और सही इलाज ना होने के कारण उनकी मौत हो गई। जिम्मेदार डॉक्टर सूत्रों के मुताबिक रामी बाई पत्नी रतनलाल उम्र 30 वर्ष जिसको पीलिया और कमजोरी थी लेकिन डॉ हर्ष चुध ने कैंसर बताकर ऑपरेशन कर दिया। ऑपरेशन की वजह से रानी बाई ठीक उसी समय उनकी मौत हो गई। इसी तरह से पद्मिनी बाई मीणा जिसको पेट दर्द की शिकायत थी महाराणा भोपाल से डॉ हर्ष चुध ने जिस प्रकार से रामी बाई को अपने कल्पना नर्सिंग होम मे ले जाकर ऑपरेशन करके मौत के मंजिल तक पहुंचाया ठीक उसी प्रकार से पद्मिनी बाई मीणा उन को भी मौत की नींद सुला दिया। आखिर कहां सोई है कानून,व, उन के पुलिस लगातार हो रही मौत उन को खबर ही नहीं। पुलिस प्रशासन कार्रवाई करने, कर, रहा है या सांठगांठ का कारोबार या कोई अन्य कारोबार संदेह के घेरे के में कल्पना नर्सिंग होम।

## देवघर जमुना जोर पुल के पास दो लुटेरों ने फिल्मी अंदाज में एक लाख दस हजार की लूट



**देवघर संवादाता**

देवघर के नगर थाना क्षेत्र के जमुना जोर पुल के पास बुधवार की दोपहर एक बाइक से अपराधियों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया है। एक लाख दस हजार की लूट की है। बताया जाता है कि पल्सर बाइक सवार होकर पहुँचे दो युवकों में से एक ने बाइक की डिक्की से पैसे निकाले और वहां से फरार हो गए। इस बात जानकारी देते हुए पीड़ित ने बताया है कि वह बस स्टैंड के समीप एचडीएफसी बैंक से पैसे निकाल कर जमुना जोर पुल के समीप एक दुकान में रुका था। इसी बीच दो युवक पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार होकर आया और उसकी मोटरसाइकिल कि डिक्की से एक लाख दस हजार रुपया निकाल कर वहां से फरार हो गया। पीड़ित सारवां स्थित रक्ति गांव का निवासी संदीप राय बताया जा रहा है। डिक्की से पैसे निकालने की पूरी वारदात सीसीटीवी में दर्ज हो गयी है। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि दुकान के पास खड़ी बाइक से एक अपराधी ने पैसे निकाले, जबकि पल्सर बाइक पर सवार दूसरे अपराधी ने इस दौरान बाइक स्टार्ट ही रखा था। इन लूटेरों ने डिक्की में रखे रुपयों से भरे बैग उठाए और फरार हो गए। फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है और सीसीटीवी के आधार पर अपराधियों की धर पकड़ में जुटी हुई है।

## झारखंड की अभिनेत्री, मॉडल व यूट्यूबर पर की गोली मारकर हत्या

**दैनिक शुभ भास्कर खड़गपुर / कोलकाता**



खड़गपुर कोलकाता राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 6 पर बदमाशों ने राजधानी में बाधा देने पर दंपति को गोली मार दी, जिससे महिला की मौत हो गई. बदमाशों ने ढाई साल की मासूम बच्ची के सामने ही उसकी मां को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया. घटना हावड़ा जिला अंतर्गत बागनान की है. जानकारी के मुताबिक झारखंड की राजधानी रांची से निजी कार से कोलकाता आ रहे प्रकाश कुमार स्थानीय महिश रेखा ब्रिज के पास प्राकृतिक क्रिया के लिए रुके थे. तभी तीन सशस्त्र बदमाशों ने उन्हें पकड़ कर लूट की कोशिश की. बाधा देने पर प्रकाश की पत्नी रिया कुमारी को नजदीक से गोली मार दी. गोली कान पर लगने से रिया कुमारी खून से लथपथ होकर घटनास्थल पर ही गिर पड़ी. बताया जाता है कि प्रकाश कुमार ने इसकी जानकारी आसपास मौजूद लोगों को दी. सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को उलबेड़िया अस्पताल पहुंचाया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया. बताया जाता है कि जाते-जाते भी बदमाश दंपति से रकम छीनकर भागने में सफल रहे. पुलिस मैं मामले की पड़ताल शुरू कर दी है. मृतका रिया कुमारी के पति प्रकाश कुमार से भी पुलिस पूछताछ कर रही है. मृतका रिया कुमारी झारखंड की प्रसिद्ध अभिनेत्री, मॉडल व यूट्यूबर थी

## एजुकेशनल ट्रस्ट में नहीं अब कोई सरकारी लाभ फाउंडर मोहम्मद रफीक आलम ने जताई नाराजगी

**दैनिक शुभ भास्कर किशनगंज संवाददाता अब्दुल जब्बार**

किशनगंज ठाकुरगंज प्रखंड क्षेत्र के अब्दुल कलाम आजाद चौक पावर हाउस के एजुकेशनल ट्रस्ट के फाउंडर समाजसेवी मोहम्मद रफीक आलम ने एजुकेशनल ट्रस्ट के संबंध में मिडिया से बात करते हुए कहा कि एजुकेशनल ट्रस्ट चलाने का मेरा मकसद सिर्फ गरीब तबके लोगों को मदद पहुंचाने का मेरा उद्देश्य है एजुकेशनल ट्रस्ट के मध्य से अब तक बहुत गरीब लोगों को फायदा पहुंचा वही उन्होंने कहा कि करोना कल से लेकर अब एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा गरीब तबके को हमेशा मदद पहुंचाते आये है लेकिन अब हमारे एजुकेशनल ट्रस्ट को सरकारी लाभ नहीं मिला है मेरा मांग स्थानीय विधायक एवं सरकार से है कि हमारे एजुकेशनल ट्रस्ट को फायदा पहुंचाया जाए ताकि एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा गरीब के लोगों को मदद कर सके वही एजुकेशनल राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद मंजर आलम ने मीडिया से मुखातिब होकर कहा कि हमारे एजुकेशनल ट्रस्ट का सारा कागजात क्लियर है और अब तक एजुकेशनल ट्रस्ट के माध्यम से बहुत सारे लोगों को मदद पहुंचाते आए हैं और हमारा मकसद है कि एजुकेशनल ट्रस्ट के माध्यम से हर समय पर लोगों को मदद पहुंचा सके



एजुकेशनल ट्रस्ट के अध्यक्ष मोहम्मद मंजर आलम | एजुकेशनल ट्रस्ट के फाउंडर मोहम्मद रफीक आलम

इस दरमियान एजुकेशनल ट्रस्ट के फाउंडर मोहम्मद रफीक आलम ने कहा कि बिहार सरकार शराबबंदी को लेकर सभी कर्मियों को लगाने के बावजूद भी आज आए दिन पुलिस के हाथ में शराबी पकड़े जा रहे हैं यह यह सिर्फ प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं बल्कि हमारी भी जिम्मेदारी बनते हैं के कहीं भी अगर गलत दिखाई दे तो हम भी समय पर प्रशासन के सहयोग करें ताकि सीमांचल क्षेत्र के युवा नशा से छुटकारा पा सके वहीं उन्होंने हालात को देखते हुए कहा कि आज जैसे चीन में करोना झील रहा है इस महामारी बीमारी का रोकथाम के लिए हम सभी को इत्यादि बरतने की जरूरत है

## एक नजर




## जोकीहाट नगर पंचायत मे शांति पूर्ण माहौल से संपन्न हुआ मतदान


**दैनिक शुभ भास्कर जोकीहाट / हयात दानिश**



**अररिया जिला के जोकीहाट प्रखंड के जोकीहाट नगर पंचायत मे शांति पूर्ण माहौल से मतदान संपन्न हुआ जोकीहाट नगर पंचायत मे कुल बारह वार्ड मे से चौदह बूथ बनाये गए थे वही वार्ड संख्या चार(04) और ग्यारह(11) मे दो दो बूथ बनाये गए थे वही मतदाताओं की संख्या दस हजार चार सो संतानवे (10497)है जिसमे महिला मतदाता पांच हजार चार सो दो(5402) है और पूरूष मतदाता पांच हजार पन्चानब्बे (5095) है जिसमे प्रत्याशियों की संख्या छियासी 86 है मुख्य पार्षद प्रत्याशी आठ (08) उप मुख्य पार्षद प्रत्याशी आठ (08) था**

## ताजमहल देखने आया विदेशी पर्यटक कोरोना पॉजिटिव

ताजनगरी में ताज महल का दीदार करने आया एक विदेशी पर्यटक कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। पर्यटक की कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद स्वास्थ्य और पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। क्योंकि कोरोना संक्रमित मिला पर्यटक अब लापता हो गया है, जिसकी तलाश करने के लिए पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। जानकारी के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में स्थित ताजमहल के पर्यटन पर अर्जेंटीना का एक पर्यटक आया हुआ था। ताज महल परिसर में एंट्री से पहले उसकी कोविड टेस्टिंग की गई थी। बुधवार को उसकी रिपोर्ट आई तो पर्यटक कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद से प्रशासन के होश उड़े हैं। अंदेशा है कि पर्यटन पर आया पर्यटक जब तक आइसोलेट



नहीं कर लिया जाता, वह दूसरे लोगों को के लिए भी खतरा बन सकता है। ऐसे में पर्यटक का रिकार्ड खंगाला गया तो विभाग के पैरों तले जमीन खिसकी हुई है। दरअसल, उक्त पर्यटक ने अपना जो पता और संपर्क नंबर दिया था, वह फर्जी निकला। अधिकारियों के अनुसार, पर्यटक ने सैंपलिंग के दौरान अपने बारे में गलत जानकारी दी थी। उसने अपने होटल का पता भी गलत बताया था। इसके बाद से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ताज से संपर्क कर सीसीटीवी फुटेज लेकर उसे खंगालने में जुटे हुए हैं। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में अब तक 45 से अधिक कोरोना पॉजिटिव मामले सक्रिय है। इस तरह की लापरवाही से कोरोना संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। बुधवार को ही लखनऊ में दो लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। ताज महल परिसर में पर्यटक के पॉजिटिव मिलने के बाद अन्य सैलानियों के संक्रमित होने की संभावनाओं को नकारा नहीं जा सकता है।

## कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा पर भाजपा का हमला



केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा सिर्फ एक दिखावा है। उससे नफरत फैलाने वाले लोग ही जुड़ रहे हैं। नरेंद्र मोदी देश के इतिहास में पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिनकी लोकप्रियता देश के हर कोने में है। असल में तो नरेंद्र मोदी ने देश को चारों दिशाओं से जोड़ने का काम किया है।

युवा वर्ग भाजपा से जुड़ रहा है। बुधवार को केंद्रीय राज्यमंत्री ने सबसे पहले जोया रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर पदाधिकारियों संग बैठक ली। संगठन की मजबूती के साथ ही आगामी लोकसभा व निकाय चुनाव पर चर्चा की।

उसके बाद मंत्री ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा कांग्रेस की हताशा का परिणाम है।

# डीलर की मनमानी व धांधली के खिलाफ लाभुकों ने खोला मोर्चा

**दैनिक शुभ भास्कर संवादाता/ उधवा।**

उधवा प्रखंड क्षेत्र में डीलरों की मनमानी, धांधली एवं राशन वितरण में गड़बड़ी थमने का नाम नहीं ले रहा है। जानकारी के अनुसार प्रखंड क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत अंतर्गत बाघपिंजरा के सैकड़ों राशन कार्ड धारियों ने बुधवार को उधवा बीडीओ राहुल देव से लिखित शिकायत किया है। आवेदन की प्रतिलिपि एमओ उधवा,डीएसओ एवं उपायुक्त साहेबगंज को प्रेषित किया गया है। आवेदन पत्र में राशन लाभुकों ने बताया कि मोहनपुर पंचायत अंतर्गत बाघपिंजरा के स्वयं सहायता समूह के डीलर रोशनारा बीवी के द्वारा राशन वितरण में गड़बड़ी किया जाता है। दिसम्बर माह में दो बार फ्रिंगर लेकर एक बार ही राशन दिया है।



प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत मुफ्त का चावल नहीं दिया गया। साथ ही आरोप लगाया है कि ग्रामीणों के द्वारा विरोध करने पर डीलर रोशनारा बीवी के द्वारा धमकी दिया जाता है और कहता है कि जो लिखना है लिखो मेरा कुछ बिगड़ने वाला नहीं है। लाभुकों ने बीडीओ से उक्त डीलर के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग किया है। मौके पर सईद अली, सरफराज अली,मुख्तार शेख, जियाउल आलम, तौहिद शेख सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# जयप्रकाश विश्व विद्यालय के 30 साल के इतिहास में पहली बार कुलदेवता लोकनायक जयप्रकाश नारायण के जन्मदिन पर अवकाश घोषित

**दैनिक शुभ भास्कर छपरा/सारण सिटी रिपोर्टर**




माननीय कुलपतिमहोदय प्रोफेसर फारूक अली ने कहा कि जयप्रकाश विश्विद्यालय के इतिहास में पहली बार विश्विद्यालय के कुलदेवता जिनके नाम पर यह विश्वविद्यालय है,की जयन्ती के अवसर पर महामहिम ने अवकाश घोषित करने की कृपा प्रदान की है।माननीय कुलपति महोदय ने इसके लिए महामहिम एवं महामहिम कार्यालय के प्रति अपना आभार प्रकट किया है।कुलपतिमहोदय ने कहा कि मैं जब से इस विश्विद्यालय में अपना योगदान दिया हूं, तब से लगातार 11 अक्टूबर को अवकाश घोषित करने की मांग करता रहा।मेरे अनुरोध को महामहिम ने स्वीकार किया और बिहार के समस्त विश्वविद्यालयों में यह अवकाश घोषित हुआ इसके लिए मैं महामहिम के प्रति हृदय से आभार प्रकट करता हूं। कुलपति महोदय

# जेपी महामंत्री,अनिल कोषाध्यक्ष,सीए राकेश आडिटर व मनोज संगठन मंत्री बने

**दैनिक शुभ भास्कर लक्ष्मणगढ़। राजस्थान**

लक्ष्मणगढ़ कस्बे में प्रस्तावित महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास समिति की कार्यकारिणी में महामंत्री,कोषाध्यक्ष,आडिटर व संगठन मंत्री चुनें गये है।कार्यकारिणी में व्याख्याता जयप्रकाश सिंगोदिया महामंत्री,बैंक मैनेजर अनिल कुमार राकसिया कोषाध्यक्ष, सीए राकेश कटारिया आडिटर व मनोज गौड़ संगठन मंत्री चुनें गये है। उल्लेखनीय है कि सैनी समाज के पूर्व अध्यक्ष विनोद गौड ने राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर सेठों की कोठी ग्राम बस स्टैंड के सामने करीब एक किलोमीटर अंदर अपनी बेशकीमती जमीन मे से लाखों रुपए की भूमि छात्रावास निर्माण के लिए निःशुल्क प्रदान की है। उक्त भूमि पर सैनी समाज के पूर्व अध्यक्ष समाजसेवी रामावतार सिंगोदिया के अध्यक्षता में छात्रावास निर्माण समिति का गठन किया गया है। उक्त समिति छात्रावास निर्माण से संबंधित सभी औपचारिकताओं को पूरा करने के साथ साथ भव्य व शानदार छात्रावास निर्माण लिए प्रयासरत रहेंगी।



# एमपीएल टी ट्वेंटी : नागालैंड ने दानापुर ड्रीम्स को 5 विकेट से हराया

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता / मधवापुर**




मंगलवार को आरएनजे डिग्री कॉलेज के ग्राउंड में खेले गए एमपीएल टी ट्वेंटी क्रिकेट टूनामेंट के आठवें नॉकआउट लीग मुकाबले में नागालैंड ने दानापुर ड्रीम्स को 5 विकेट से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश कर लिया। टॉस जीतकर दानापुर ने पहले बल्लेबाजी का फैसला करते हुए 15.4 ओवर में 114 रन बनाए । जिसमें फिरोज ने 42 और नाहिद ने 19 रनों का योगदान दिया। जवाब में खेलने उतरी नागालैंड की टीम ने 15.2 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया ।। मैच का मैन ऑफ द मैच नागालैंड के दुर्गा को मिला जिसने 39 रन बनाए और दो विकेट भी लिया। बुधवार को टूनामेंट में विश्राम है जबकि गुरुवार को पहला क्वार्टर फाइनल मैच दरभंगा बनाम नागालैंड के बीच खेला जाएगा।

# कृषि तकनिक सूचना केंद्र में प्रखंड कुंडहित

**दैनिक शुभ भास्कर जामताड़ा /सेख समीम**

जामताड़ा कुंडहित प्रखंड के कृषि तकनिक सूचना केंद्र में प्रखंड स्तरीय रबी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अथिति के रूप में माननीय प्रमुख श्री रामकिशोर मुर्मु एवम जिला परिषद सदस्य श्रीमती रीना मंडल उस्थित थी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय प्रमुख के द्वारा किसानों को आधुनिक खेती अपनाने कि सलाह दी गई। वही माननीय जिला परिषद सदस्या श्रीमती रीना मंडल के द्वारा किसानों को व्यावसायिक खेती करने हेतु अनुरोध किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीटीएम सुजीत कु सिंह ने रबी कार्मशाला की उपयोगिता एवम किसानों को रबी मौसम में फसलों की देख भाल कैसे करे इस संबंध में विस्तार से बताया गया। श्री सिंह के द्वारा समेकित कृषि प्रणाली अपनाने की सलाह उपस्थिति कृष्को को दी गई। बताया गया कि प्रखंड के ज्यादातर किसानों के पास खेती युक्त भूमि कम है, अगर किसान इंटीग्रेटेड फार्मिंग सिस्टम ( कम्र ) अपनाते है, जिससे कि उनकी खाद्य संबंधी आवश्यकता की पूर्ति होती है बल्कि वर्ष भर आय का अच्छा स्रोत प्राप्त होता है। किसान भाइयों के पास यदि यदि अपने जमीन के पास तालाब या छोटा पोखर हो तो तालाब में मत्स्य पालन के साथ उसके मेढ़ के ऊपर मुर्गी पालन एवम एवम बतख पालन करना चाहिए जिससे कि तालाब में पल रहे मछलियों को भोजन पर खर्च कम होगा एवम मुर्गियों एवम बतख का बिट मछलियों को भो उनके गोबर एवम अपशिष्ट पदार्थों से कर्मी कंपोस्ट तैयार कर जैविक खाद के रूप में पास लगे पौधो के उपयोग कर सके। कुल मिलकर खेती को जीरो बेस्ट बजट पर करने हेतु आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में पूर्व जिला परिषद सदस्य श्री भज हरी मंडल, बीएओ श्री मनोरंजन मिर्धा, कृषक मित्र काजल रजवार, रंजीत मंडल श्यामल फौजदार, अजय घोष, सनत मंडल इत्यादि उपस्थित थे।




# संविधान ने महिलाओं और पुरुषों को दिया है समान अधिकार, अत्याचार हो तो तुरंत करें 181 पर शिकायत : बीडीओ

**जीविका द्वारा लैंगिक हिंसा के विरुद्ध नव चेतना अभियान का हुआ समापन**

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता /मधवापुर**

महिलाओं को लैंगिक हिंसा ना सहना है ना सहने देना है। संविधान ने महिलाओं और पुरुषों को समान अधिकार दिया है और उनके बीच किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। आधी आबादी को सशक्त करने के लिए सरकार द्वारा टोल फ्री नंबर 181 जारी किया गया है जिसपर आप महिलाओं के विरुद्ध हो रहे किसी प्रकार के अत्याचार की शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उक्त बातें बीडीओ राजेश कुमार ने लैंगिक हिंसा के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय महिला जागरूकता पखवाड़ा के अवसर पर प्रखंड जीविका द्वारा चलाए जा रहे नव चेतना अभियान के समापन कार्यक्रम में कही। वहीं जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधक अजय शंकर ने महिलाओं के साथ होनेवाले अन्याय के विरुद्ध सभी को मिलकर साथ देने को प्रखंड क्षेत्र के बासुकी बिहारी उत्तरी स्थित दुर्गा मंदिर पर इस अभियान के तहत प्रखंड का अंतिम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कई जीविका दीदियों ने विभिन्न संबोधन कर तथा शोषण के विरोध से जुड़े कई कविता, लोकगीत आदि गाकर महिलाओं को अत्याचार के विरुद्ध जागरूक किया। मौके पर जीविका की कई दीदियां, सीएम सहित सामुदायिक समन्वयक विकास कुमार, मुकेश कुमार, राधा कुमारी, मोना कुमारी, एमआरपी सरिता कुमारी सहित दर्जनों स्थानीय जीविका दीदी, कर्मी व महिलाएं मौजूद थीं।

# दुगार्पुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट की घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से हुआ घायल

**दैनिक शुभ भास्कर जोकीहाट/ हयात दानिश**

जोकीहाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत भुना मजगामा पंचायत के दुगार्पुर गांव वार्ड संखिया 02 में आपसी रंजिश को लेकर काफी मारपीट हो गई है वही अब्दुल वदूद पिता अब्दुल हफिज उम्र 36 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया है दरअसल अब्दुल वदूद मसूरिया गांव से अपने घर दुगार्पुर जा रहे थे इसी क्रम में कुछ लोग जैसे साबिर पिता याकूब उम्र 55 वर्ष मुमताज पिता याकूब उम्र 53 वर्ष नाज़िम पिता साबिर उम्र 22 वर्ष रजी पिता सबीर उम्र 21 वर्ष साजिद पिता मुमताज उम्र 20 वर्ष यह सभी पहले दुगार्पुर और मसूरिया के बीच अब्दुल वदूद को जान से मारने की कोशिश की और अब्दुल वदूद के पास से 50 हजार रुपिया तथा मोबाइल छीन लिया फिर जफर पिता हरुन उम्र 36 वर्ष



दरकशां पति जफर उम्र 28 वर्ष यसतरनि पति साबिर उम्र 45 वर्ष अफसर पति ममताज उम्र 40 वर्ष शहजादी पिता साबिर उम्र 24 वर्ष इन सभी लोग घर में आकर अब्दुल वहाब के परिवार के साथ भी मारपीट की तथा अब्दुल वदूद के भतीजी फातमा प्रवीण एवं आमना प्रवीण के साथ मारपीट करते हुए रेप करने की भी धमकी दी वही अब्दुल वदूद की पत्नी ने बताया कि हम लोग के साथ भी मारपीट किया और जेवर भी छीन कर ले गया वही अब्दुल वदूद की भतीजी ने बताया कि मेरा मैट्रिक इंटर सभी प्रमाण पत्र फार दिया है और धमकी देते हुए जमीन का सभी पेपर लेकर भाग गया

# बिहटा नगर परिषद से नवनिर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को जनता ने किया सम्मानित

**दैनिक शुभ भास्कर सत्येन्द्र कुमार,संवाददाता**

बिहटा:बिहार में इन दिनों नगर निकाय का चुनाव चल रहा है। पहले चरण का मतदान 18 दिसंबर व 20 दिसंबर को मतगणना संपन्न हो गया है। जिसके बाद जीते हुए प्रत्याशी अपने-अपने क्षेत्र की जनता के साथ खुशी मना रहे हैं। गौरतलब है कि पहले चरण के मतगणना के बाद बिहटा नगर परिषद क्षेत्र में चुनावी विजय प्राप्त किए अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को जनता के द्वारा सम्मानित किया जा रहा है। विदित हो कि रविवार को बिहटा नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 1 कोरहर गांव में अध्यक्ष प्रियंका कुमारी व उपाध्यक्ष दीपिका सिंह को कोरहर के जनता के द्वारा सम्मानित किया गया था। तो वही बुधवार 28 दिसंबर को बिहटा के पीतांबर नगर होटल अमित लॉज में पितांबर नगर की जनता के द्वारा अध्यक्ष प्रियंका कुमारी वह उपाध्यक्ष दीपिका सिंह को सम्मानित किया गया। बिहार में जिस तरह महिलाएं सभी क्षेत्रों में बढ़ चढ़ कर भाग ले रही है और कामयाबी हासिल कर रही है इस से कहा जा सकता है कि बिहार में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल रहा है और अब वो दिन दूर नहीं जब बेटी और बेटा कि जो भेदभाव लोग करते थे बहुत जल्द वो खत्म हो गा।



# अध्यक्ष महोदय के कर कमलों द्वारा शीला नदी घाट पर शिलान्यास कार्यक्रम किया गया

**दैनिक शुभ भास्कर जामताड़ा/ सेख समीम**



झारखंड विधानसभा अध्यक्ष सह नाला विधायक माननीय रविंद्र नाथ महतो के पैतृक भूमि मोहजोड़ी शीला नदी घाट पर बृहद पुल निर्माण हेतु शिलान्यास आज दिनांक 28.12 .2022 को माननीय के कर कमलों द्वारा विधि पूर्वक सुसंपन्न की गई।पुल निर्माण से लेकर नाला विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सड़क शिक्षा स्वास्थ्य के सुचारू व्यवस्था हेतु माननीय के द्वारा किया गया अथक प्रयास को अपने बातों के माध्यम से रखा। बातों बातों में गुरु जी के द्वारा लिए गए अलग झारखंड की असली परिकल्पना का जिक्र करते हुए कई अहम बातें कहीं।

# प्रसबन्न पंचायत में कैंप लगाकर 70 टीवी की मरीजों किया गया ईलाज




**दैनिक शुभ भास्कर भागलपुर से निबराज आलम**

बुधवार को जिला यक्ष्मा रोग पदाधिकारी डॉक्टर दीनानाथ के नेवतृत में वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स के द्वारा टी.बी मरीज खोज अभियान चलाया गया। इसी बीच पीरपैंती प्रखंड क्षेत्र के हल्ढके बैनर तले परसबन्ना पंचायत में कैंप लगाया गया, इस कैंप में मछतिया टोला पिपरा,रघुनाथपुर इत्यादि गांव से लोग जांच कराने पहुंचे । हल्ढके फील्ड ऑफिसर संतोष कुमार ने बताया कि 70 मरीज को देखा गया जिसमें 40 मरीज का टी.बी जांच के लिए सैंपल इकट्ठा कर रेफरल हॉस्पिटल भेजा गया। पीरपैंती रेफरल हॉस्पिटल के डॉक्टर कृष्ण कुमार ने सभी मरीज का इलाज किया। साथ ही उन्होंने कहा कि ऐसे गरीब मरीज का सेवा करने में मुझे काफी प्रसन्नता होती है। जब भी पीरपैंती में ऐसा कैंप होगा मैं हर समय बेसहाय गरीब मरीजों की सेवा करने के लिए तैयार रहूंगा। इस कैंप में हल्ढ के डीपीसी धीरज कुमार दीप पैथोलॉजी से अमरदीप कुमार, वार्ड सदस्य रामू मुर्मू उपस्थित थे।

# पांच दिवसीय शिविर में स्काउट-गाइड ने बिना बर्तन के पकाया भोजन

**दैनिक शुभ भास्कर लखीसराय / अनुराग आनंद**

लखीसराय कजरा सूर्यगढा. प्रखंड के शिक्षाचंल उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय कजरा में आयोजित बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड का पांच दिवसीय शिविर का समापन समारोह पूर्वक मनाया गया। उक्त आशय की जानकारी सहायक शिविर प्रधान सूरज कुमार ने बताया कि गत कुछ दिनों से कजरा के शिक्षाचंल में जिला संगठन आयुक्त मृत्युंजय कुमार के निदेर्शानुसार सहायक शिविर प्रधान सूरज कुमार के द्वारा विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार के अगुवाई में पांच दिवसीय शिविर चलाया जा रहा था। आज दिन बुधवार को समापन समारोह के उपलक्ष्य पर बिना बर्तन के भोजन बनाया गया। जिसका कला का मुख्य उद्देश्य बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना व मुसीबत में फंसे लोगों को कैसे बचाया जाए इसकी जानकारी देना है। ज्ञान का प्रदर्शन किया। बिना बर्तन के भोजन बनाना, टेंट बनाना, घायलों को बिना स्ट्रेचर के उपचार के लिए ले जाना, ध्वज शिष्टाचार व मार्च पास्ट आदि शिविरार्थियों ने अतिथियों के समक्ष प्रदर्शित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने बच्चों के बीच संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट-गाइड की ट्रेनिंग स्वावलंबी बनने व समाज हित के लिए दिया जाता है। शिविरार्थी शिविर में मिले ज्ञान का उपयोग दैनिक जीवन में परोपकार कर करें। कहा कि हमारे जीवन में कई बार ऐसे मौके आते हैं जब हमें किसी का सहयोग करने का अवसर मिलता है। उस समय हमें आगे बढ़कर सहयोग करना चाहिए समापन समारोह के उपरांत आज झंडोत्तोलन व सर्वधर्म प्रार्थना कर बच्चों को स्मृति चिन्ह व मेडल पहनाकर कर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित विद्यालय शिक्षक एवं शिक्षिकाएं किरण कुमारी, संजय कुमार, सम्मानित छात्र छात्राएं सिमरन कुमारी, सलोनी कुमारी,माही कुमारी, प्रिया राज, पियूष कुमार, सौरभ कुमार, इत्यादि लोगों को सम्मानित किया गया।



सहायक शिविर प्रधान के द्वारा बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया. जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. इस विधि से बच्चों ने विभिन्न प्रकार के खाने बनाए, जिन्हें अधिकारियों व छात्रों ने बड़े चाव से खाया। इस कैम्प

# मारपीट व छिनतई का आरोप लगाते हुए महिला ने दर्ज कराई प्राथमिकी, 10 नामजद

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता /मधवापुर**



मधवापुर प्रखंड के साहरघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की एक महिला ने इसी गांव के 3 महिलाओं सहित दस लोगों पर भूमि विवाद को लेकर मारपीट, गाली-गलौज व छिनतई करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। साहरघाट थानाध्यक्ष को दिए आवेदन में पीड़िता ने लक्ष्मण साह, किशोरी साह, सुरेश साह, अवधेश साह, नीतीश साह, अनिल साह, नवीन साह, विमल देवी, अमेरिका देवी व मंतोरिया देवी पर पुराने भूमि विवाद को लेकर हथियार से लैस होकर घर में घुसकर उसे, उसकी ननद व सास के साथ मारपीट, गाली गलौज करने व तलवार से हमला कर बुरी तरह जख्मी करने की बात कही है। इस दौरान आरोपियों पर बुरी नीयत से कपड़े फाड़कर अर्धनग्न करने तथा घर से 35 हजार नकद तथा 2 लाख के गहने जेवरात भी लूटने का आरोप लगाया है।

# मेहबूब आलम ने रक्तदान कर बचाई थैलीसीमिया पीड़ित बच्चे की जान

**दैनिक शुभ भास्कर रिपोर्ट राजकुमार भगत**




पाकुड़ इंसानियत फाउंडेशन के सदस्य समाज मे असहाय जरूरतमंदो को अपना रक्त दान कर समाज का मदद करते आ रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार विजयपुर मयूरकेला रहमान शेख के तीन बच्चे है। तीनो को थैलीसीमिया नामक बीमारी पीड़ित है।

इस बीमारी से बच्चो मे अपने शरीर मे रक्त निर्माण नहीं होते है, राबियाना खातून उम्र 12 साल इस बच्ची के पिता ने हर बार की तरह इंसानियत फाउंडेशन के अध्यक्ष बानिज शेख फोन पर ओ पॉजिटिव रक्त व्यवस्था के निवेदन किया। इंसानियत फाउंडेशन के तरफ से इस परिवार को 13 यूनिट ब्लड दिया जा चुका है और आगे भी मदद करते रहेंगे, चांचकी के युवा समाजसेवी मेहबूब आलम ने ब्लड बैंक पहुंचकर अपना रक्तदान कर पाकुड़ सदर अस्पताल मे बच्ची का इलाज में सहयोग प्रदान किया। उन्होंने कहा की रक्तदान से किसी का जान बचे तो रक्तदान जरूर करें, मौके पर रहमान शेख, पियूष, अध्यक्ष बानिज शेख एवं नवीन कुमार मौजूद रहे है।

# राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता जिले की बालक टीम फाइनल मैं पहुंची

**दैनिक शुभ भास्कर अविनाश मंडल**



मोहराबादी स्टेडियम राँची में मुख्यमंत्री आमंत्रण राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता 2022-23 हो रहा। पर्यटन, कला, संस्कृति खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड, रांची के द्वारा मोराबादी स्थित मैदान में आयोजित पांच दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पाकुड़ की टीम ने 02-00 से चाईबासा को पराजित* कर फाइनल में जगह बनाई। 29/12/2022 को रोमांचक फाइनल मुकाबला धनबाद बनाम पाकुड़ के बीच खेला जाएगा। उक्त प्रतियोगिता में विजेता टीम को 300000 लाख उपविजेता टीम को दो लाख का चेक देकर माननीय मुख्यमंत्री द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा उपायुक्त महोदय वरुण रंजन, उप विकास आयुक्त श्री शाहिद अख्तर, अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित, जिला खेल पदाधिकारी राहुल कुमार, पाकुड़, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला ओलंपिक संघ के महासचिव सह पाकुड़ जिला फुटबॉल संघ के सचिव रणवीर सिंह, टीम प्रबंधक एम.डी शकील हक आदि ने बधाई दिया।

# कांग्रेसियों ने मनाया 138 वा कांग्रेस पार्टी की स्थापना दिवस

**दैनिक शुभ भास्कर अविनाश मंडल(पाकुड़)**



पाकुड़ जिलाध्यक्ष श्रीकुमार सरकार एवं प्रखंड अध्यक्ष, पाकुड़ मंसारूल हक जी के नेतृत्व में कांग्रेस भवन, पाकुड़ में झंडोत्तोलन कर कांग्रेस का 138 वा स्थापना दिवस समारोह मनाया गया।

उक्त अवसर पर मिठाईयां बांटी गई तथा पटाखे फोड़े गए। साथ ही साथ प्रखंड कांग्रेस, पाकुड़ के पूर्व अध्यक्ष अफजल हुसैन जी को 15 सूत्री कार्यक्रम के पाकुड़ जिले का सदस्य मनोनीत किए जाने पर जिलाध्यक्ष श्रीकुमार सरकार तथा प्रखंड मंसारूल हक एवं अन्य गणमान्य लोगों ने माला पहना कर स्वागत किया तथा बधाइयां दी। मौके पर प्रदेश महासचिव उदय लखमानी, प्रदेश सचिव सेमिनूल इस्लाम, प्रदेश प्रतिनिधि गुलाम अहमद, मुख्तार हुसैन, असद हुसैन, शाहीन परवेज, अनुप सिन्हा, नलिन मिश्रा, मुर्शीद आलम, जय मालतो, अवधेश कुमार झा, कृष्णा यादव, हजिकुल आलम, मोहम्मद सिराजुद्दीन, असलम अंसारी, पियारुल, रामविलास महतो, सीमा सोनी भगत, बबलू भगत, सोनू, कविवुर रहमान एवं अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# एबीवीपी झारखंड के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रूप में पाकुड़ के 5 छात्र प्रतिनिधियों के नामों की घोषणा

**दैनिक शुभ भास्कर अविनाश मंडल**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् झारखंड का तीन दिवसीय प्रदेश का 23वां अधिवेशन हजारीबाग में संपन्न हुआ। इस अधिवेशन में पाकुड़ जिले बिल्कुल 53 प्रतिनिधि शामिल हुए थे। अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में देश के जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा जी शामिल हुए। प्रांतीय अधिवेशन में देश समाज छात्र हित एवं विभिन्न सामाजिक शैक्षणिक नीतियों पर चिंतन मंथन किया गया।अधिवेशन में झारखंड प्रदेश के नवनिर्वाचित प्रदेश मंत्री के रूप में सोमनाथ भगत एवं प्रदेश अध्यक्ष के रूप में डॉक्टर ओपी सिन्हा के नाम के साथ साथ झारखंड प्रदेश की कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई। प्रदेश कार्यकारिणी में नागौर जिले से कुल 5 नामों की घोषणा हुई जिसमें मधुमिता घोष , सुमित पांडे , गुंजन तिवारी, अंकित कुमार साह , सत्यम भगत के नामों की घोषणा की गई। साथी एक बार फिर से कला मंच के प्रदेश सह संयोजिका का दायित्व के लिए पाकुड़ की दिशा बजाज जी के नाम की घोषणा की गई। प्रदेश कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित सदस्यों ने बताया कि विद्यार्थी परिषद के विचार को जिले के अंतिम छात्र तक पहुंचाते हुए छात्र हितों में परिषद के कार्यकताओं के योगदान को सुनिश्चित करने का कार्य करेंगे। आने वाले समय में जिले में एक जिला छात्र सम्मेलन का आयोजन कर जिले के शैक्षणिक समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रख उनके समाधान की मांग करेंगे। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यो को पाकुड़ जिले के सभी कार्यकताओं ने शुभकामनाएं दी हैं।

# सीओ के हत्थे चढ़ा दो अवैध पत्थर लदा ट्रैक्टर

**दैनिक शुभ भास्कर मंडरो। साहिबगंज**



साहिबगंज जिले के मिजाचौकी थाना क्षेत्र में प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर सुर्खियों में रहने वाला भगैया चेकपोस्ट के रास्ते मंगलवार देर रात सीओ नरेश कुमार मुंडा के द्वारा अवैध पत्थर से लदा दो महिंद्रा ट्रैक्टर को पकड़ा गया। जिसें आवश्यक कार्रवाई करते हुए संबंधित विभाग को सूचित की गई है। मिली जानकारी के अनुसार, भगैया चेकनाका पर चार सीसीटीवी कैमरा लग जाने के बावजूद समय-समय पर अवैध वाहनों का परिचालन थमने का नाम नहीं ले रहा है। ड्यूटी में तैनात मजिस्ट्रेट की मिलीभगत से मौका मिलते ही चौका लगा दिया जाता है। चेकपोस्ट पर तैनात पुलिस अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं लग पाती है। और पूरा खेल समाप्त हो जाता है। इसका पुख्ता सबूत चेकपोस्ट पर लगा सीसीटीवी फुटेज में कैद है। अगर सीसीटीवी कैमरे में कैद वीडियो क्लिप से अगर एंट्री रजिस्टर के मुताबिक वाहनों की संख्या मिलान कर ली जाए तो काले कारनामे का पदार्फाश हो जाएगा। इधर बताते चले कि खनन टास्क फोर्स के तमाम अधिकारियों की निगाहें झारखंड- बिहार सीमा पर स्थित मिजाचौकी चेकनाका एवं भगैया चेकनाका पर है। और लगातार अवैध परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई से पत्थर माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। कुछ दिनों से साहिबगंज के अधिकारियों का कार्रवाई की चचाएं ईडी दफ्तर एवं रांची तक हो रही है।

# विधायक ने 9 किसानों के बीच पंप सेट का किया वितरण

**दैनिक शुभ भास्कर मंडरो। साहिबगंज**



साहिबगंज जिले के मंडरो प्रखंड परिसर में बुधवार को बोरियो विधानसभा के विधायक माननीय लोबिन हेंब्रम ने किसानों के बीच पटवन के लिए पंप सेट का वितरण किया। भूमि संरक्षण विभाग की ओर से मंडरो प्रखंड के 9 किसानों को सेक्शन पाइप व 200 फीट डिलिवरी पाइप के साथ पंप वितरण किया गया। मिली जानकारी के अनुसार प्रत्येक किसान से 10 प्रतिशत राशि लेकर 90 प्रतिशत अनुदान पर पंप सेट दिया गया है। मौके पर विधायक लोबिन हेंब्रम ने कहा कि सूखाग्रस्त मंडरो प्रखंड की स्थिति दयनीय है। यहां कृषि योग्य भूमि में सिंचाई का उद्देश्य से किसानों के बीच पंप सेट का वितरण किया गया है।किसानों की स्थिति बेहतर करने को लेकर संसाधन उपलब्ध करा रही है। इस मौके पर बीडीओ श्रीमती कनक, सीओ नरेश कुमार मुंडा, जिला परिषद सदस्य धनंजय सोरेन झामुमो कार्यकर्ता में प्रेम, सनाउल्लाह अंसारी, मेरी मुर्मू समेत दर्जनों लोग थे।

# कर्तव्य पथ पर परेड हेतु चयनित अभिदीपश को डीसी ने किया सम्मानित

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अहमद रजा**



साहिबगंज।उपायुक्त राम निवास यादव ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित अभिदीपश प्रशांत सागर को पुष्पगुच्छ और शॉल देकर सम्मानीत किया इस क्रम में डीसी ने कहा यह जिले और राज्य के लिए गौरव और युवा के लिए प्रेरणा देने वाली उपलब्धि है,इनके साथ ही उन्होंने अभिदीपश के उज्जल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।वहीं प्रोफेसर रणजीत सिंह भी मौजूद थे। आपको बता दें कि गणतंत्र दिवस परेड 2023 के लिए सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय से साहिबगंज महाविद्यालय, साहिबगंज,जिले की ओर से एनएसएस वॉलंटिय अभिदिष दिल्ली के कर्तव्य पथ दिखेंगे। जहां भारत के राष्ट्रपति परेड का निरीक्षण करेंगे।इसके लिए पूरे झारखंड से 03 छात्र और 03 छात्रा एनएसएस वॉलंटियर्स का चयन किया गया है। यहां बताते चले कि 2014 के बाद 2023 में राष्ट्रीय स्तर पर गणतंत्र दिवस परेड के लिए अभिदिष का चयन किया गया है।

# 4 व 5 जनवरी को होगा भगैया अतिक्रमण मुक्त

**दैनिक शुभ भास्कर मंडरो। साहिबगंज**

साहिबगंज जिले के मंडरो अंचल अंतर्गत मिजाचौकी-बोआरीजोर मुख्य सड़क के बीच स्थित भगैया बाजार प्रशासन के निर्देश पर 4 व 5 जनवरी को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार, सड़क का सरकारी जमीन कई दुकानदारों के द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। जिसके कारण कई बार यातायात में परेशानी भी होती है। वही जमाबंदी रैयत व सड़क के किनारे दुकान लगाने वाले कई लोगों के बीच पूर्व में कहासुनी हो चुकी है। जिसकी नियमित शिकायत अंचल कार्यालय में हो रही थी। सीओ के निर्देश पर भगैया बाजार की जमीन माफी कराई गई। उसके बाद अतिक्रमण करने वाले सभी व्यक्तियों को अलग-अलग तिथि में कुल 4 नोटिस तमिला कराया गया है। प्रथम नोटिस के माध्यम से आवश्यक कागजात की मांग की गई। उसके अलावे तीन नोटिस जारी की गई। सभी को अपने स्वेच्छा से खाली करने का निर्देश दिया गया बावजूद किसी व्यक्ति ने खाली नहीं किया है। इधर अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित मिजाचौकी थाने को पत्राचार कर सूचित कर दी गई है। निर्धारित तिथि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।

# भारतीय मानक ब्यूरो को लेकर समाहरणालय सभागार में कार्यशाला का हुआ आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर अविनाश मंडल**



पाकुड़ बुधवार को समाहरणालय स्थित सभागार में भारतीय मानक ब्यूरो से संबंधित एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। क्वालिटी कल्चर डेवलपमेंट के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यशाला में भारतीय मानक ब्यूरो जमशेदपुर के संयुक्त निदेशक कौशलेंद्र कुमार एवं भारतीय मानक ब्यूरो जमशेदपुर के उप निदेशक अर्को साहा* द्वारा क्वालिटी कल्चर डेवलपमेंट की दिशा में कार्य करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी साझा की गई।कार्यशाला में पीपीटी के माध्यम से जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों को ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड बीआईएस द्वारा राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के सुरक्षित विश्वसनीय गुणवत्ता वाले मानक प्रदान करने एवं उपभोक्ताओं को स्वास्थ्य संबंधित खतरों को कम करने आईएसआई प्रमाणित उत्पाद के संबंध में जागरूक फैलाने जन्नत को बढ़ावा देने के कई तरीकों से पता लगाने योग्य और ठोस लाभ प्रदान करने तथा उपभोक्ताओं के बीच गुणवत्ता के प्रति जागरूकता पैदा करने समेत अन्य बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए उदाहरण के साथ जानकारी साझा की गई। उल्लेखनीय है कि भारतीय मानक ब्यूरो बीआईएस उपभोक्ता मामले भारत सरकार के तहत काम करने वाला राष्ट्रीय मानक निकाय है इसका उद्देश्य देश में वस्तुओं उत्पादों के मानकीकरण उत्पाद परीक्षण और गुणवत्ता प्रमाण की गतिविधियों का सामंजस्य पूर्ण विकास करना है।कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो का लाइसेंस लेने हेतु सारी प्रक्रिया ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन किए जा सकते हैं। वहीं किसी भी सामग्री की प्रामाणिकता पोर्टल पर चेक किया जा सकता है। साथ ही किसी भी सामग्री से जुड़ी शिकायत भी पोर्टल पर किया जा सकता है। इस कार्यशाला में जिला आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार दास, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुजूर, परियोजना पदाधिकारी मो० मोतिउर रहमान, एसएमपीओ पवन कुमार, दीपाली साह एवं सभी कार्यलय प्रधान समेत अन्य उपस्थित थे।

# भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का मनाया गया138 वां स्थापना दिवस

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता / साहिबगंज**



साहिबगंज। शहर के बंगाली टोला स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में बुधवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 138 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर नव मनोनीत जिला अध्यक्ष मोहम्मद बरकतउल्ला खान का उपस्थित कांग्रेस नेता एवं कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर वंदे मातरम गीत गाने के उपरांत जिलाध्यक्ष बरकतउल्ला खान के द्वारा पार्टी का झंडोत्तोलन किया गया। जिला अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों के नारा के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कांग्रेस की परंपरा रही है कि वो स्थापना दिवस के अवसर पर हर साल अपने चंद वरिष्ठ कार्यकताओं को सम्मानित करती आ रही है।उसी परंपरा के तहत तीन वरिष्ठ कांग्रेसी प्रदेश प्रतिनिधि मुर्शाद अली, जिला सचिव मंगल पासवान एवं ओम प्रकाश साह को गुलदस्ता देकर एवं शॉल ओढ़ा कर सम्मानीत किया गया।इसके बाद कांग्रेसजनों द्वारा राष्ट्रगान गाया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष मो कलीमुद्दीन ने किया।कांग्रेस कार्यकर्ता बेहद उत्साहित दिखे।इस अवसर पर कई वरिष्ठ कांग्रेसियों ने अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष बरकतउल्ला खान को एक साधारण कार्यकर्ता से आज जिला अध्यक्ष के सफर पर विस्तारपूर्वक अपनी बात रखते हुए उनके क्रियाकलापों की खूब सराहा। जिला अध्यक्ष बरकतउल्ला खान ने अपने संबोधन में सभी कार्यकताओं को साथ लेकर कांग्रेस को साहेबगंज जिला में और अधिक मजबूत करने की बात कही।उन्होंने कहा कि अगर कोई कार्यकर्ता पिछले किसी कारण से नाराज होकर पार्टी से निष्क्रिय हो गया होगा तो मैं पूरा प्रयास करूंगा कि सभी लोगों को एकबार फिर से जोड़कर उनकी सक्रिय भागीदारी से साथ पार्टी को मजबूत किया जाए।मैं एक साधारण कार्यकर्ता से यहां तक का सफर तय किया है, पार्टी ने जिस विश्वास के साथ मुझे इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपा है मैं उसे दिलोजान से पूरा करने का प्रयास करूंगा। लेकिन ये मुझ से अकेले नहीं होगा बल्कि इसमें आप सभी कांग्रेसजनों का मुझे साथ चाहिए।हम एक परिवार की तरह काम करेंगे और कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे।मौके पर जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान के अलावे मोहम्मद कलीम उद्दीन,मुर्शाद अली, नित्यानंद गुप्ता,सरफराज आलम, बासुकीनाथ यादव, अशोक पासवान, नदीम इकलाख, विनोद शर्मा, उमेश पांडे, आदित्य यादव, निताई सरकार, देवेंद्र ठाकुर, मैनुल हक अंसारी, अली कुरैशी, सब्दुल अंसारी, आनंद भगत, विनोद वर्मा, सिद्धेश्वर मंडल सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# एसडीओ ने जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों को मीटर के प्रति किया जागरूक

**दैनिक शुभ भास्कर तीनपहाड़**



बिजली विभाग के सहायक बिघुत अभियंता अमित कुमार भगत ने बुधवार को राजमहल प्रखंड के गांव गांव जाकर जनवितरण प्रणाली के दुकानदारो से मिलकर मीटर से संबधित जानकारी सांझा की।उन्होंने कहा की आप सभी दुकानदार अपने अपने ग्राहकों से विभाग द्वारा लगाए जा रहे बिजली मीटर लगाने की जानकारी दे उन्हे बताए की मीटर लगाने से विभाग प्रति महीने 100 यूनिट बिजली फ्री देती ह

ै अगर सभी उपभोक्ता बिजली की बजत करते हुए बिजली का उपयोग कम से कम करे और अगर उनका बिजली खर्च एक महीने में मीटर में 80 से 90 केडबल्यूएच के बीच आने पर वैसे उपभोक्ताओ का बिल शून्य आना है जिसका बिजली बिल जीरो रुपए होगा इसलिए जिन उपभोक्ताओं ने अब तक मीटर नहीं लगाया है वे मीटर लगाए और बिजली की बचत के साथ साथ अपने मेहनत के पैसों की भी बचत करे।अंत में सहायक विद्युत अभियंता अमित कुमार भगत ने कहा कि इस तरह से आप सभी दुकानदारों को अपने अपने गांव के सभी लोगो को जागरूक करना है।

# खुशियां हासिल करने के लिए एक बेहतरीन करियर का होना आवश्यक - अर्जुन सिंह

**दैनिक शुभ भास्कर छपरा / सिटी रिपोर्टर**

जीवन में खुशियां हासिल करने के लिए एक बेहतरीन करियर का होना आवश्यक है। कल्पना करें कि अगर पढ़ाई पूरी हो जाए और फिर भी एक भी करियर विकल्प हाथ में ना हो, क्योंकि उसकी शुरूआत पढ़ाई के साथ साथ ही की जाती है। जब हम अपने करियर को लेकर बहुत लापरवाह या असमंजस में रहते हैं, तो सफलता भी हमसे कोसों दूर ही रहती है। बिना करियर के हम अपना और अपने परिवार का भरण पोषण नहीं कर सकते। एक अच्छा करियर ही हमें और हमारे परिवार को खुशियां और सुख सुविधाएं दे सकता है। तकनीकी शिक्षा जागरूकता के क्षेत्र में काम कर रही बिहार की अग्रणी



संस्था दि एडमिशन लिंक के डायरेक्टर अर्जुन सिंह ने कहा कि विद्यार्थी के जीवन में पढ़ाई के दौरान यह पल आता है जब करियर का विकल्प चुनना होता है, या हमारे लिए क्या बेहतर विकल्प रहेगा। इसी दुविधा में कई बार छात्र ऐसा करियर चुन लेते है जिसमें उनकी कोई रुचि ही नहीं होती। ऐसा कई बार दोस्तों तथा घरवालों के प्रभाव में आकर कर बैठते हैं। अपने लिए करियर चुनना है तो हमे स्वयं का आकलन करते हुए स्वयं ही चुनना चाहिए। हमारी योग्यता, हमारा ज्ञान और हमारी रुचि को ध्यान में रखते हुए करियर का चुनाव बेहतर कर पाएंगे। ताकि भविष्य में उस पर कार्य करते हुए हमे बोरियत और आलस ना महसूस हो। और अपने मनपसंद कार्य को करने में आनंद और ऊर्जा का अहसास हो तथा उसमें बेहतरीन मुकाम हासिल कर पाएं।यदि हमारी रुचि डॉक्टर बनने में है तो उससे संबंधित हर ज्ञान को अर्जित करना होगा यदि सेना में जाना चाहते हैं तो पढ़ाई के साथ-साथ मानसिक तथा शारीरिक योग्यता पर भी साथ-साथ काम करना पड़ेगा। इसी प्रकार अपने मनपसंद करियर को चुनें उसके बारे में जानकारी हासिल करें तथा उसी को अपना लक्ष्य मानते हुए उसे हासिल करने में जुट जाएं। एकाग्र हो किया गया कार्य अवश्य सफल होता है ।

# मशरक में यूरिया खाद की किल्लत,किसान हुए परेशान

**दैनिक शुभ भास्कर मशरक/ छपरा**



मशरक प्रखंड में यूरिया खाद की किल्लत से किसान परेशान दिखाई दे रहे है कभी मिल रहा है कभी नही मिल रहा है गेहूं की पटौनी करने के बाद युरिया खाद को खेतो में छीटना जरूरी हो जाता है वही कभी यूरिया मिल रही है तो कई घंटो लाइन लगाने के बाद भी एक बोरा मिलता है और उसका दाम भी किसानों द्वारा बताया जाता है की पांच सौ दस रुपए लिया जाता है और उसके साथ लिक्युड भी चिरकाव करने के लिए दिया जाता है वही किसान बिरेश यादव ने बताया की 510 रुपए मे एक बोरा यूरिया खाद और एक लिक्यूड दिया जा रहा हैं कई घंटो से लाइन मे लगे हुए है .वही गोला रोड न्यू त्रिमूर्ति फटीलाइजर दूकानदार के प्रोपराइटर मनीष कुमार नें बताया की 270 रूपया मे एक बोरा यूरिया और 240 रुपये मे एक लिक्यूड दिया जा रहा हैं आधार कार्ड के साथ प्रत्येक व्यक्ति को एक से दो बोरा दिया जा रहा हैं किसान का कहना हैं की हमेशा खेती की सीजन में यूरिया और डी ए पी की किल्लत से किसान परेशान रहते है यह समस्या हमेशा बनी रहती है इस पर सरकार ध्यान नही दे रही है वही आज इफको बाजार में मशरक में घंटो लाइन में लगे किसान यूरिया लेने के लिए भीड़ लगाए हुए थे

# कोपा नगर पंचायत में लगभग 57% वोटरो ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग



**दैनिक शुभ भास्कर जलालपुर/छपरा /अखिलेश्वर पाण्डेय/पवन कुमार सिंह**

प्रखंड के कोपा नगर पंचायत में बुधवार को संपन्न चुनाव में शाम बजे लगभग 57% मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जिसमें पुरुष 52.91%और महिलाएं 63.91% की वोटिंग की ।बुधवार सुबह से ही पड़ रही कड़ाके की ठंड में भी मतदाताओं का जोश चरम पर थोसभी 19 बूथों पर सुबह मे ही लंबी कतारें लग गई थी जो दोपहर बाद तक लगी रही हालांकि शाम के समय इक्का-दुक्का मतदाता ही मतदान करते दिखे जिले के क ई वरीय पदाधिकारियों की गाड़ियां दिनभर विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहुंचती रहीमतदान के बाद विभिन्न चौक चौराहों तथा चाय की दुकानों पर प्रत्याशी अपनी हार जीत का गणित समझाते दिखे

# हल्का फुल्का नोक झोंक के बीच मांझी नगर निकाय चुनाव सम्पन्न 60.69 % हुआ मतदान

**दैनिक शुभ भास्कर माँझी/छपरा**

मांझी नगर पंचायत के मुख्य पार्षद उप मुख्य पार्षद तथा वार्ड पार्षद पद के लिए बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न हो गया। इस दौरान मतदाताओं ने पूरे उत्साह के साथ नगर पंचायत के मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद व वार्ड पार्षद के चुनाव के लिए मतदान किया। इस दौरान वार्ड नम्बर 10 में सामुदायिक भवन पर बनाए गए बूथ पर दो पक्षों के समर्थकों के बीच नोकझोंक भी हुआ। हालांकि सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस कर्मियों ने समझा-बुझाकर मामले को शांत करा दिया। इसके अलावें कहीं से भी कोई अप्रिय घटना की सूचना नही मिली। इस दौरान अपर समाहर्ता संजय कुमार, डीसीएलआर सह निवार्ची पदाधिकारी पुष्पेश कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार



सिंह व अंचलाधिकारी धनंजय कुमार ने कई मतदान केन्द्रों का जायजा लिया और मौके पर मौजूद पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निवार्ची पदाधिकारी पुष्पेश कुमार ने बताया कि मांझी नगर पंचायत में मतदान पूरी तरह से शांतिपूर्ण रहा। इस दौरान कुल 60.69 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का मतदान किया। कुछ जगहों पर मामूली नोंकझोंक की जानकारी मिली, जिसे नियंत्रित कर लिया गया। कहीं कोई अप्रिय घटना नही हुई। मतदान के दौरान सभी बूथों पर पुलिस लगातार गश्त लगाती रही। एक दर्जन मोटरसाइकिल पर सवार उड़नदस्ते सड़को व बूथों पर चक्कर लगाते रहे। वही नदी में नाव पर सवार होकर पुलिस द्वारा गश्ती किया जा रहा था।

# कोविड को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट एक्टिव सर्विलांस के माध्यम घर-घर सर्वे

**दैनिक शुभ भास्कर छपरा / सिटी रिपोर्टर**

कोविड को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हैं। एक्टिव सर्विलांस के माध्यम से घर-घर सर्वे किया जाएगा। ओपीडी में आने वाले मरीजों की कोविड जांच किया जाएगा। रेलवे स्टेशन और बस अड्डा पर रैंडम सैंपल लिया जाएगा। अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित कर कोरोना नियंत्रण पर कार्य किया जाएगा। छपरा जिले में कोरोना संक्रमण की रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। इससे निपटने को लेकर तैयारी शुरू कर दी गयी है। जिले में कोविड मरीजों को बेहतर उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। विश्व के कई देश जैसे जापान, अमरीका, कोरिया, ब्राजील एवं चीन में कोविड के केसेस में अचानक बढ़ोतरी देखी जा रही है। उपरोक्त देशों में कोविड-19 के नए वेरिएंट बीएफ. 7 को माना जा रहा है। बीएफ .7 वेरिएंट के विरुद्ध सजगता रखने के मद्देनजर राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक संजय कुमार सिंह ने पत्र जारी कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। जिले में एक्टिव सर्विलेंस के माध्यम से प्रभावी घर-घर सर्वे कर आईएलआई रोगियों की पहचान कर वांछित कार्यवाही की जाये। घर-घर सर्वे के दौरान कोविड एवं अन्य मौसमी बीमारियों के लक्षण व उससे बचने के उपाय एवं विभागीय स्तर पर उपलब्ध सुविधाओं का प्रचार प्रसार कर आमजन को जागरूक करें। ओपीडी में आने वाले मरीजों की होगी स्क्रीनिंग : जारी पत्र के माध्यम से निर्देश दिया गया है कि ओपीडी में आने वाले लक्षण वाले रोगियों का सैम्पल लेकर कोविड की जांच करायें तथा ओपीडी में आने वाले सभी रोगियों की पृथक से पहचान कर उनकी जांच एवं उपचार सुनिश्चित करायें। समस्त मेडिकल कॉलेज एवं निजी संस्थानों से समन्वय स्थापित कर जीनोम सीक्वेसिंग हेतु सभी कोविड-19 पॉजिटिव रोगियों के सैम्पल की व्यवस्था करें। रैंडम सैम्पलिंग की व्यवस्थाः रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्ड, सब्जी मंडी, विद्यालय एवं अन्य भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में कोविड लक्षणों वाले रोगियों की रैंडम सैम्पलिंग करवायी जाये। सैम्पल कलेक्शन, रैंडम सैम्पलिगं, उपचार, डिस्चार्ज इत्यादि का पालन सुनिश्चित की जाये। जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में अन्य विभागों यथा-पुलिस, पंचायती राज. महिला एवं बाल विकास, नगर निगम, आयुष आईएमए से अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए समय-समय पर आवश्यकतानुसार कोरोना वायरस की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु समीक्षा की जाये। हाई रिस्क ग्रुप के व्यक्तियों की पहचानः हाई रिस्क ग्रुप एक्टिव सर्वे एवं ओपीडी में आने वाले हाई रिस्क ग्रुप के व्यक्तियों की पहचान कर तुरन्त उपचार करवाना सुनिश्चित करें। दिशा-निर्देशों का पालन भारत एवं राज्य सरकार द्वारा पूर्व में जारी समस्त निदेर्शों यथा स्क्रीनिंग, सैम्पल कलेक्शन, रैंडम सैम्पलिंग, उपचार, डिस्चार्ज इत्यादि का पालन सुनिश्चित की जाये। जिला और प्रखंड स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित होगाः प्रत्येक संस्थान पर गठित रेपिड रेस्पॉस टीम को कार्यशील रहने की निर्देश प्रदान करें। समस्त राज्य के चिकित्सा संस्थानों को लॉजिस्टिक मेडिकल ऑक्सीजन, पीएसए प्लांट, आरटीपीसीआर एवं रैपिड एंटिजन टेस्ट किट , एन-95 मास्क एवं दवाइयां इत्यादि की उपलब्धता सुनिश्चित करें। जिला एवं प्रखण्ड स्तर पर स्थापित नियंत्रण कक्ष को कार्यशील रखें तथा उक्त से आमजन को अवगत करायें।

# अम्लान कुसुम बने राज्य साइकिलिंग संघ के उपाध्यक्ष व रणवीर बने कोषाध्यक्ष




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अभिषेक तिवारी**

पाकुड भारतीय साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देश के आलोक में झारखंड साइकिलिंग संघ का ए. जी. एम. सह चुनाव साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा किया गया जिसमें पर्यवेक्षक के रुप में नियुक्त अभिजीत सेठ व झारखंड ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष एस.के पांडे के देखरेख में होटल रॉयल पद्मावती गढ़वा में चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव में सत्र 2023 से 2027 सत्र के लिए पाकुड़ जिला साइकिलिंग संघ के अध्यक्ष अम्लान कुसुम सिन्हा उर्फ बुल्टी जी को सर्व सम्मति से झारखंड राज्य साइकिलिंग संघ का उपाध्यक्ष बनाया गया वही जिला साइकिलिंग संघ के सचिव रणवीर सिंह को झारखंड राज्य साइकिलिंग संघ का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

वार्षिक आम बैठक का मुख्य रूप से एजेंडा तय किया गया की . एस एस सी स्टेट कमिश्नर कोर्स का आयोजन मई 2023 रांची ,.खेलो इंडिया महिला ट्रक साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन रांची में,.खेलो इंडिया लीग वन के तहत महिला रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन फरवरी 2023 गिरिडीह एवं जिला स्तर पर साइकिलिंग खेल को बढ़ावा देने पर विचार विमर्श किया गया। इस उपलब्धि पर जिला खेल पदाधिकारी राहुल कुमार ,जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अर्धेन्दू शेखर गांगुली ,वरीय उपाध्यक्ष कुंदन कुमार, उपाध्यक्ष जयदेव कुमार मंडल,सुजीत विद्यार्थी ,एम.डी फरीद, पंकज अग्रवाल, नारायण चंद्र रॉय, अशोक कुमार सिन्हा,कृष्णा कुमार,एम.डी शकील हक, राजा मुर्मू ,प्रवीण कुमार, दीपक सिंह, तथा विभिन्न खेल संघ के पदाधिकारियो नेअम्लान कुसुम सिन्हा एवं रणवीर सिंह को बधाई दी।

# कांग्रेस ने झंडोत्तोलन कर मनाया स्थापना दिवस



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अभिषेक तिवारी**

पाकुड में कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीकुमार सरकार एवं प्रखंड अध्यक्ष, पाकुड़ मंसारूल हक के नेतृत्व में कांग्रेस भवन, पाकुड़ में झंडोत्तोलन कर कांग्रेस का 138 वा स्थापना दिवस समारोह मनाया गया एवं मिठाईयां बांटी गई तथा पटाखे फोड़े गए। साथ ही प्रखंड कांग्रेस, पाकुड़ के पूर्व अध्यक्ष अफजल हुसैन जी को 15 सूत्री कार्यक्रम के पाकुड़ जिले का सदस्य मनोनीत किए जाने पर जिलाध्यक्ष श्रीकुमार सरकार तथा प्रखंड मंसारूल हक ने माला पहना कर स्वागत किया तथा बधाइयां दी।मौके पर प्रदेश महासचिव उदय लखमानी, प्रदेश सचिव सेमिनूल इस्लाम, प्रदेश प्रतिनिधि गुलाम अहमद, मुख्तार हुसैन, असद हुसैन, शाहीन परवेज, अनुप सिन्हा, नलिन मिश्रा, मुर्शीद आलम, जय मालतो, अवधेश कुमार झा, कृष्णा यादव, हजिकुल आलम, मोहम्मद सिराजुद्दीन, असलम अंसारी, पियारुल, रामविलास महतो, सीमा सोनी भगत, बबलू भगत, सोनू, कविवुर रहमान एवं अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कोपा नगर पंचायत में 55% मतदाताओं ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग

**दैनिक शुभ भास्कर जलालपुर / छपरा**



जलालपुर प्रखंड के कोपा नगर पंचायत में बुधवार को संपन्न चुनाव में लगभग 55% मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कियोबुधवार सुबह से ही पड़ रही कड़ाके की ठंड में भी मतदाताओं का जोश चरम पर थोसभी 19 बूथों पर सुबह मे ही लंबी कतारें लग गई थी जो दोपहर बाद तक लगी रही हालांकि शाम के समय इक्का-दुक्का मतदाता ही मतदान करते दिखे जिले के क ई वरीय पदाधिकारियों की गाड़ियां दिनभर विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहुंचती रहीमतदान के बाद विभिन्न चौक चौराहों तथा चाय की दुकानों पर प्रत्याशी अपनी हार जीत का गणित समझाते दिखे

# डीबीएल के खिलाफ ट्रांसपोर्टरों ने की बैठक की सिंगल वेंडर नीति को लेकर विरोध किया

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अभिषेक तिवारी**



पाकुड़ समाहरणालय स्थित सभागार में मंगलवार शाम को अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित के अध्यक्षता में डीबीएल कंपनी के ट्रांसपोर्टर, और बकायदारों ट्रांसपोर्टर, सिविल वर्कर और पूर्व कर्मचारी के साथ बैठक हुई। बैठक में डीबीएल के साथ कोयला ढुलाई करने वाले ट्रांसपोर्टरों के द्वारा बैठक में बात रखी गई थी कोयले की ढुलाई 8 रैक लोड करने के बावजूद भी ना तो वर्क आर्डर दिया जा रहा है और ना ही रेट का निर्धारण किया जा रहा है। इस बात पर अनुमंडल अधिकारी ने बैठक में मौजूद डीबीएल के जीएम राधा रमन राय से पूछा गया कि कंपनी इस विषय पर क्या निर्णय ले रही है। उन्होंने स्पष्ट लफ्जों में हमारे सीनियर अधिकारी ने कहा कि सिंगल विंडो ट्रांसपोटिंग सिस्टम करने का निर्णय लिया गया है। इस बात पर मौजूद सैकड़ों ट्रांसपोर्टरों ने हंगामेदार और जमकर विरोध किया ट्रांसपोर्टरों ने बैठक में पुराना बकाया का भुगतान, सिविल वर्क का भुगतान, पुराना कर्मचारी का भुगतान करने के पश्चात ही माइनिंग और ट्रांसपोटिंग करने की बात रखी गई। इस बात पर अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि पूर्व की बैठक में डीबएल के द्वारा 15 दिसंबर तक 78 लोगों की भुगतान करने की बात कही गई थी, लेकिन इसका अनुपालन नहीं किया गया ऐसी स्थिति में कंपनी पहले बाकायदारों का भुगतान करें, तभी आगे का निर्णय लिया जाएगा उन्होंने कहा कि ट्रांसपोर्टर और प्रबंधन आपस में तालमेल करें की वह सिंगल विंडो के साथ है या नहीं है बैठक में कोई निष्कर्ष नहीं निकला बैठक में उपस्थित एसडीपीओ अजीत कुमार विमल मुख्यालय डीएसपी बैजनाथ प्रसाद ने लोगों को पूर्व का बकाया भुगतान कराने का आश्वस्त किया। अगली बैठक पुराना बकाया भुगतान के पश्चात अगले वर्ष तिथि तय कर बैठक करने का निर्णय लिया गया। मौके पर उपस्थित श्याम यादव सरोज मंडल मोहम्मद राजा सुमन भगत सोनू भगत संजू प्रवीण सिंह मोहम्मद शकील मोहम्मद शेड्यूल संतोष सिंह सैकड़ों ट्रांसपोर्टर एवं कंपनी के अधिकारी उपस्थित थे।

# नवादा पंचायत के अध्यक्ष ने गरीब असहाय लोगों को चादर और कंबल का किया वितरण

**दैनिक शुभ भास्कर रिपोर्ट पंकज भगत**

पाकुड़ जिले के नवादा पंचायत के पूर्व मुखिया और नवादा पंचायत कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष काबिबुर रहमान ने बुधवार को असहाय गरीब बच्चों एवं जरूरतमंद लोगों को कंबल एवं चादर का वितरण किया काबिबुर ने कहा कि गरीबों असहाय और जरूरतमंदों की मदद करने से उन्हें काफी खुशी महसूस होती है। मौके पर युवा कांग्रेस के विधानसभा महासचिव राजिकुल आलम ने भी कहा कि आने वाले 2024 चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करना है इस दिशा में अभी से पहल करने की जरूरत है। मौके पर नवादा पंचायत के उप मुखिया एरसाद अली, जियाउल हक, मेसबाउल शेख,जयफुल शेख, सामीम शेख, तोफिजुल शेख, मोहतादुल शेख, नावरूल शेख, जैनुन हक, इसरफील



शेख, मानजारूल शेख बादरू जमा, मोतिउर रहमान, नौसाद शेख, इलियास विश्वास, नूरेमान शेख सहित अन्य मौजूद थे।

## जर्जर स्थिति में पैक्स भवन

**दैनिक शुभ भास्कर**
**ब्यूरो रिपोर्ट किशनगंज**

किशनगंज : ठाकुरगंज प्रखंड के मालिन गांव पंचायत का पैक्स भवन जर्जर स्थिति में है। भवन में जगह-जगह में दरारे आ गई है। उक्त संबंध में पैक्स अध्यक्ष अबुल हुसैन ने बताया कि पैक्स भवन जर्जर स्थिति में हैं, जगह-जगह पैक्स भवन में दरारे आ गई है जिसके कारण पैक्स भवन के अंदर जाने में डर लगता है,और दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। पैक्स भवन की मरम्मती कार्य को लेकर पैक्स अध्यक्ष अबुल हुसैन ने कई बार अपनी बात को संबंधित विभाग के पास रखी लेकिन अब तक कोई निष्कर्ष नहीं निकल पाया है। पैक्स अध्यक्ष ने पंचायत के मुखिया के पास भी पैक्स भवन की मरम्मती की बात रखी है और पैक्स भवन मरम्मती करवाने की मांग कर रहे हैं।

# भागवत कथा मे उमड़ी श्रद्धालु की भीड

**दैनिक शुभ भास्कर भरगामा / अररिया,मोहन कुमार**



भरगामा प्रखंड अंतर्गत रघुनाथपुर दक्षिण में दिनांक 26 -12 -2022 सोमवार से 1-1- 2023 रविवार तक सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो रहा है जिसमें भजन संकीर्तन के साथ भागवत कथा का विराट आयोजन होने जा रहा है जो दिन के 12 बजे से संध्या 5 बजे तक प्रतिदिन हो रहा है। इस कार्यक्रम को लेकर ग्रामीण परिवेश के लोगों मे हर्ष व्याप्त है। जिसमें भगवान श्री कृष्ण के संपूर्ण जीवन लीलाओं के प्रसंग के साथ-साथ सती चरित्र, ध्रुव प्रहलाद कथा, कपिल भगवान उपदेश, गजेंद्र ग्राह प्रसंग, समुद्र मंथन लीला, अजामिल उद्धार, वामन अवतार, राम अवतार लीला का अद्भुत समागम है। इस कार्यक्रम का आयोजक भागवत कथा युवा समिति एवं समस्त ग्रामवासी रघुनाथपुर दक्षिण के श्रद्धालुगण हैं। इस कार्यक्रम में कथा वाचक स्वामी सनातन जी महाराज का आगमन हुआ है। भागवत कथा वाचन सुनने दूरदराज से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जमा हुई एवं संपूर्ण माहौल भक्तिमय हो गया व्यवस्था मे दीपक कुमार मुन्ना मुखिया रघुनाथपुर दक्षिण, उमेश कुमार मेहता सरपंच, डूमरलाल मंडल पंचायत समिति सदस्य, अशोक कुमार सिंह पूर्व मुखिया,रौशन यादव समाजसेवी, मनीष कुमार, छोटू कुमार, मुकेश कुमार, प्रमोद कुमार, शोभानंद यादव, शिवनंदन यादव, रामविलास यादव, चंदन यादव, संजय कुमार वार्ड सदस्य, श्यामदेव यादव,मुन्ना साह सक्रिय रूप से भीड को नियंत्रित करते दिखे।

## महाराजा खेत सिंह खंगार की जयंती के अवसर पर खंगार मिलन समारोह आयोजित

**दैनिक शुभ भास्करमुबारक हुसैन**

फारबिसगंज खंगार विकास परिषद द्वारा बौसी में महाराज खेत सिंह खंगार की जयंती के अवसर पर खंगार मिलन समारोह का आयोजन किया गया.इस अवसर पर उनके तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया.कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वजातीय बंधुओं ने महाराजा खेत सिंह खंगार की जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके त्याग,समर्पण और बलिदान से खंगार समाज को सीख लेने के लिए प्रेरित किया. सबों ने खंगार समाज के दशा और दिशा पर प्रकाश डालते हुए उत्थान हेतु अनेकों सुझाव दिया। इस मौके पर खंगार समाज के मेधावी छात्र छात्राओं को उच्च एवं तकनीक शिक्षा हेतु प्रेरित करना, नशा मुक्त समाज बनाना,मृत्यु भोज का बहिष्कार कर समाज को सुरक्षित और आर्थिक मजबूती प्रदान करना, वैवाहिक कार्यक्रम को सीमित खर्च में संपन्न करना,लड़की की शादी स्वेच्छा से दिए गए उपहार स्वीकार कर दहेज का बहिष्कार करना समाज का मुख्य उद्देश्य होगा। बालिकाओं को स्वरोजगार करने के लिए तकनीकी शिक्षा एवं उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना जरूरी है। बैठक में संगठन के विस्तारीकरण पर भी चर्चा की गई. इस अवसर पर खंगार विकास परिषद के युवाओं ने वार्षिक सदस्यता ग्रहण किया। सदस्य अभियान के लिए हर पंचायत में जनसंपर्क अभियान चलाया जाने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में अत्यंत पिछड़ा जातियों पर हो रहे अत्याचार पर चिंता जताई गई। युवाओं से समाज के हक हकूक की लड़ाई के लिए एक जूट होने का संकल्प दिलाया गया। इस जाति के लोगों की संख्या सीमित है बावजूद सरकार उसके उत्थान के लिए नहीं सोच रहीं हैं। बैठक में लोगों ने एक स्वर में सरकार से मांग की है की आये दिन जिस प्रकार से विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा इस जाति के लोगों को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल कर रही है यह गलत है।

# युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव करण कुमार पप्पू निर्वाचित

**दैनिक शुभ भास्कर मुबारक हुसैन**



फारबिसगंज प्रदेश युवा कांग्रेस के संगठन चुनाव का परिणाम घोषित हो गया है ।वोटों के आधार पर युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव करण कुमार पप्पू निर्वाचित हुए हैं। बता दें कि पूरे बिहार में पिछले 2 महीनों से संगठन के चुनाव की प्रक्रिया चल रही थी। इस चुनाव में दो लाख से अधिक सक्रिय सदस्यों ने भाग लिया जिसमें अररिया जिला से करण कुमार पप्पू प्रदेश सचिव पद पर निर्वाचित हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बिहार के युवाओं के वोट एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के आशीर्वाद से चुनाव में जीत मिली है। संगठन में जो जिम्मेवारी मिला है मउसको ईमानदारी से निर्वहन करुंगा और कांग्रेस को मजबूत करने का काम करूंगा ।करण को बधाई देने वालो में अररिया जिला काँग्रेस के अध्यक्ष अनिल कुमार सिन्हा, विधायक आबिदुर रहमान,पूर्व विधायक जाकिर अनवर,जिलाउपाध्यक्ष शंकर प्रसाद साह, शाद अहमद,आबिद अंसारी,नगर अध्यक्ष अमितेश कुमार गुड्डू,मासूम अंसारी, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष इरशाद सिद्दीकी, मुमताज शेख, नसीम रजा,इजहार साबरी, मासूम अंसारी कपिल अंसारी आशीष साह,सावन सागर,दिलकश राज,पवन ठाकुर,रीता गुप्ता,संजीव शेखर,विकाश कुमार विककी, अंजार अहमद,अजरुदीन,अरविंद झा,प्रशांत यादव,विक्रम यादव,बालकृष्ण यादव,सहित सैकड़ो पार्टी कार्यकताओं ने बधाई दिया।

# जिला जनसंपर्क कार्यालय, जामताड़ा

**जामताड़ा से दैनिक शुभ भास्कर सेख समीम की रिपोर्ट**

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी जामताड़ा श्री फैज अक अहमद मुमताज (भा०प्र०से०) की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत लाभुकों के चयन हेतु आहूत बैठक की समीक्षा की बैठक में जिले के 18369 किसानों को राशि भुगतान की दी गई स्वीकृति; दिनांक 29.12.2022 को एक साथ 3500-3500 रुपए का भुगतान किसानों को डीबीटी के माध्यम से बैंक अकाउंट में किया जायेगा संवेदनशीलता होकर कार्य करें अधिकारी, ताकि समय पर लोगों को योजना का मिल सके लाभ :- उपायुक्त दिनांक 28.12.2022 को कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री फैज अक अहमद मुमताज (भा०प्र०से०) की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत लाभुकों के चयन हेतु बैठक आहूत किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना हेतु सभी किसानों को इस योजना से जोड़ने एवं लाभ देने हेतु प्रति प्रखंड से प्राप्त आवेदनों का अवलोकन किया गया।

वहीं उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत सुखाड़ से प्रभावित जिले के सभी किसानों को जो जीविकोपार्जन हेतु कृषि पर आश्रित हैं उन्हें इस योजना के तहत 3500 रुपए उनके बैंक अकाउंट में दिया जाएगा। इसके लिए जिन किसानों ने आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज यथा आधार कार्ड, बैंक पासबुक, अद्यतन लगान रसीद, वंशावली (जनप्रतिनिधि द्वारा सत्यापित), खतियान/पर्चा, राशन कार्ड की स्व हस्ताक्षरित प्रति, स्व घोषणा पत्र संलग्न की है एवं जिनका आवेदन प्रखंड से अग्रसारित होकर जिला मुख्यालय में आया है। इसका लाभ भूमिहीन किसानों को भी मिलेगा जो बटाई या लीज पर खेती कर रहे हैं बैठक में 18369 किसानों को सुखाड़ राहत राशि के भुगतान की दी गई स्वीकृति बैठक में समीक्षा के उपरांत सर्वसम्मति से 18369 लाभुकों को सुखाड़ राहत राशि के भुगतान की स्वीकृति दी गई। वहीं उपायुक्त द्वारा लाभुकों की संख्या कम रहने पर नाराजगी प्रकट की गई। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक किसानों को इस योजना का समय से लाभ दें ताकि मिलने वाले सहायता राशि से किसान समय पर खाद बीज आदि कृषि सामग्री खरीद कर उसका सदुपयोग कर सकें। कहा कि अधिकारी संवेदनशील होकर कार्य करें, ताकि लोगों को समय पर योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि हमें चीजों की अहमियत को समझने की आवश्यकता है। उदासीनता से कार्य प्रभावित होता है। वहीं किसानों के द्वारा दिए गए आवेदनों की रेंडमली जांच करते हुए शेष सभी किसानों को इस योजना से जोड़ने का निर्देश दिया। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्षा श्रीमती राधारानी सोरेन, अपर समाहर्ता श्री सुरेन्द्र कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी श्री संजय पांडेय, पुलिस उपाधीक्षक श्री जगदीश प्रसाद, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी श्री अभय परासर, जिला कृषि पदाधिकारी श्री रंजीत मंडल, जिला सहकारिता पदाधिकारी श्री चंद्रजीत खलखो, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी श्री राहुल प्रियदर्शी, राजस्व कार्यालय लिपिक श्री जयंत कुमार डे, कंप्यूटर ऑपरेटर श्री गणेश कुमार, श्री खुर्दीद अंसारी सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## नाला विधानसभा क्षेत्र के नाला बजरंगबली चौक में जरूरत मंद लोगो



**दैनिक शुभ भास्कर**

नाला विधानसभा क्षेत्र के नाला बजरंगबली चौक में जरूरत मंद लोगो को कंबल वितरण करते हुए ।बता ते चले की नाला बिधान सभा मे हर क्षेत्र मे दिखा जाते है कही नहीं गरीबवो के साथ मसीहा बन के खड़ा होते हुए दिखा जाते है सबसे बड़े बात ये है की 2024 मे किसको उमीदवार होने की सम्भब है सभी पत्याश्री नाला बिधान सभा मे उतर चुके हुए आज दिखा गयानाला विधानसभा क्षेत्र के नाला प्रखंड डुमरिया बाबूपुर बजरंगबली मंदिर में साउंड स्पीकर का वितरण किया गया। ओहि यूभाओ के द्वारा सूरज झा को कड़ी संख्या मे समर्थन दिया जारहा है आमजनों के द्वारा गुनगुना ते हुए यूभा नेता सूरज झा का नाम लिया जाते

## बुढ़ई जमुआ स्थित पथरिया गांव में लूट पाट एवं मार पीट मामले में दो अपराधी गिरफ्तार

**दैनिक सुभ भास्कर संवाददाता**
**अरविन्द यादव देवीपुर**



देवीपुर थाना अंतर्गत बूढ़ई जमुआ रोड में पथरिया गांव के पास फ्यूजन माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी नकुल राणा वादी पेङ्ग स्वङ्ग पेसम सियाडी थाना बिरनी जिला गिरिडीह से आया कि अपराधी द्वारा मारपीट कर एवं हथियार का भय दिखाकर करीब 75000 रुपया की लूट की की वारदात को अंजाम दिया गया था। जिस के संबंध में देवपुर थाना कांड संख्या 205/22 दर्ज किया गया है । देवघर पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक देवघर के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस अधिकारी पवन कुमार के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन कर देवीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लम्बा में छापेमारी कर इस कांड में संलिप्त दो अभियुक्तों राजेश कुमार यादव एवं अरविंद यादव को गिरफ्तार किया गया है । इनके पास से वादी का लूटा गया मोबाइल फोन, नगद छः हजार पांच सौ रुपेया तथा घटना में प्रयुक्ति एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया है ।गिरफ्तार व्यक्तियों द्वारा अपने अपराध स्वीकारोक्ति बयान में इस घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए अपने सहयोगियों के साथ मिलकर लूट की घटना को अंजाम देने की बात बताया है ।इस कांड में संलिप्त अन्य व्यक्तियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है ।

## देवघर से रेजांगला साहिदो की लहू मिश्रित पवित्र मिट्टी भरा कलस यात्रा पहुंचा मोहनपुर

**दैनिक शुभ भास्कर देवघर संवादाता**



देवघर बुधवार को रेजांगला शहीदों की लहु निर्मित पवित्र मिट्टी भरा कलश यात्रा देवघर में दूसरे दिन देवघर प्रखंड और मोहनपुर प्रखंड में प्रवेश किया। मोहनपुर प्रखंड और मोहनपुर हाट पर सैकड़ों यदुवंशियों के बीच कलश पर पुष्प अर्पित करते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि दिए इसके बाद मोहनपुर प्रखंड मैं मोहनपुर हटिया में विवाह भवन के आगे कलश को पुष्प अर्पित करते हुए सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस यात्रा में सभी गणमान यदुवंशी उपस्थित हुए। इस कलश स्वागत समारोह में समाज में अग्रणी भूमिका निभाने वाले पूर्व कटोरिया विधानसभा के विधायक श्री राज किशोर प्रसाद यादव उर्फ पप्पू यादव प्रांतीय उपाध्यक्ष कृष्णा यादव एवं प्रांतीय यादव महासभा जिला इकाई देवघर के अध्यक्ष श्री नागेंद्र प्रसाद यादव उपाध्यक्ष श्री बिहारी यादव श्री कार्तिक यादव प्रमुख महासचिव आलोक राज कोषाध्यक्ष अखिलेश कुमार राय सचिव सुजीत कुमार प्रशांत कुमार एवं युवा जिला अध्यक्ष श्री मुकेश कुमार यादव, सुनील यादव, विमलेश यादव अन्य समाज के विशिष्ट व्यक्ति उपस्थित थे ।

# जोकीहाट में नगर निकाय चुनाव शांति पूर्वक संपन्न हुआ

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता मासूम रजा**



दिनांक 28 दिसंबर को नगर पंचायत जोकीहाट में नगर चुनाव शांति पूर्वक संपन्न हुआ मतदाता ठंडे को भी नजरअंदाज करके सवेरे कतार में अपने नंबर का इंतजार में लगे हुए नजर आए काशी बारी गांव में अल्पसंख्यक मंत्री मंजर आलम के गांव में स्कूल में शांतिपूर्वक मतदाता मतदान किए वही मतदाता कमी से पूछे जाने पर किसी तरह का कोई घटना हुआ तो नहीं है बताया कि बिल्कुल शांतिपूर्ण मतदाता मतदान कर रहे हैं जोकीहाट बाजार में मदरसा वाला बुध पर भी शांतिपूर्वक मतदान हुआ वही जोकीहाट के बगल वाले मोहल्ला धनपुरा के स्कूल में शांतिपूर्वक मतदान हुआ किसान कॉलेज जोकीहाट आदर्श मध्य विद्यालय सिसाना गांव मैं भी मतदान शांतिपूर्वक हुआ सिसाना गांव मॉडल स्कूल में बिहार सरकार के आपदा मंत्री श्री शाहनवाज आलम ने अपने गांव आकर अपना मत डालें और बताएं कि नगर पंचायत बनाने में हमारे पिताजी के तस्लीमुद्दीन का बहुत बड़ा योगदान है जिसे मैंने आज उनका दिया हुआ तोहफा हम जो कि वासियों को मिला है जो जोकि जो कि नगर पंचायत बना मेरे पिताजी का बहुत बड़ा देन है बहुत बड़ा परिश्रम है इसको बनाने में अगर हमारे पिताजी रहते तो कितने खुश होते अपने जो कि नगर पंचायत पन्नी का खुशी उनको बहुत होता क्योंकि जोकि की जनता बहुत अच्छे कि जैसे पीछे रहे हैं हमारे पिताजी ने अररिया जिला के पलकें बिहार के हर जनता के लिए हर जाति के लिए हमेशा अच्छे करते थे अच्छी सोच रखते थे आज अगर विकास का कार्य हो रहा है मेरे पिताजी का ही देन है शाहनवाज आलम आंवला मंत्री बनने के बाद पहली बार नगर पंचायत का वोट डालने पहुंचे जोकीहाट सिसौना अपने पैतृक गांव आगरा मंत्री समाज वालों को बहुत खुशी है के साथ अब जनता को बताया कि अब हमारे जोकि नगर पंचायत बन चुका है अब विकास के कार्य जोर सूरत पर होगा जहां जो चीज की कमी होगी विकास कार्य के लिए सुस्ती किया जाएगा

## नगर पंचायत नरपतगंज में नगर चुनाव



**दैनिक शुभ भास्कर नरपतगंज, संवादाता दिलावर हुसैन लतीफी।**

दिनांक 28 दिसंबर को नगर पंचायत नरपतगंज में नगर चुनाव शांति पूर्वक संपन्न हुआ मतदाता ठंड को भी नजरअंदाज करके सवेरे सवेरे कतार में अपने नंबर का इंतजार में लगे हुए नजर आए रहे हैं मधूरा पलार सरला सत्य नारायण कॉलेज में शांतिपूर्वक मतदाता मतदान किए वही मतदाता कर्मी से पूछे जाने पर बताया गया के किसी तरह का कोई घटना नहीं है बताया कि बिल्कुल शांतिपूर्ण मतदाता मतदान कर रहे हैं। यहां पर शांतिपूर्वक मतदान हुआ वहीं सरला सत्य नारायण कॉलेज के के बगल वाला मोहल्ला के मेंही कॉलेज में शांतिपूर्वक मतदान हुआ

# मशरक नगर पंचायत चुनाव मे पुलिस प्रशासन नें प्रत्याशीयों पर चलाया डंडा

**दैनिक शुभ भास्कर मशरक (सारण)**



मशरक मे नगर पंचायत चुनाव को लेकर बिगड़ा माहौल मतदाता को पैसा बाटने के दौरान पूर्व उप प्रमुख ललल महतो को पुलिस नें बारह नंबर वार्ड क्षेत्र से किया गिरफ्तार कर दबोच कर गाड़ी मे जबरदस्ती बैठा थाना लाया गया वही अन्य बूथों से भी जानकारी के अनुशार कुछ अज्ञात लोगो को भी किया गया गिरफ्तार कर थाना के हाजत मे बंद कर दिया गया.प्राप्त जानकारी के अनुशार पुलिस प्रशासन हर पहलू पर नजर रख रही हैं की किसी बूथ पर घटना न घट जाय.वही किसी किसी बूथ पर शान्ति पूर्वक मतदान हुई हैं वही नगर पंचायत के सात नंबर बूथ पर पुरुष पुलिस प्रशासन द्वारा महिला को पिटाई करने का वीडियो वायरल हुआ हैं और प्रत्याशी पुत्र प्रतिनिधि दुर्गेश कुमार गुप्ता को जमकर पुलिस प्रशासन द्वारा पिटाई कर थाना लाया गया.वही प्रत्याशियों के कार्यकर्ताओ द्वारा पुलिस प्रशासन मुर्दा बाद के नारे लगाए गए. वही मुख्य चेयर मैन प्रत्याशी मीणा देवी के पुत्र प्रतिनिधि दुर्गेश कुमार गुप्ता सहित उनके परिजनों को मारपीट कर जबरदस्ती गाड़ी मे लाद थाना लाया गया .वही दुर्गेश कुमार गुप्ता एवं मुख्य चेयर मैन प्रत्याशी सोहन महतो और उप मुख्य पार्षद मीरा सिंह के पति सुधीर सिंह नें सीधा आरोप लगाया हैं की बनियापुर के स्थानीय राजद विधायक नें चालिस की संख्या मे अपराधीयो के साथ वार्ड नंबर सात कर्मचारी भवन पर पहुँच प्रशासन और कर्मचारी के मिली भगत से बूथ छापा जा रहा था विरोध किये जाने पर हो हंगामा शुरू हो गया मौके पर मरहौरा एस डी पी ओ इंदजीत बैठा, थानाध्यक्ष राजेश कुमार चौधरी, पुलिस इंस्पेक्टर राधेशयाम प्रसाद, मरहौरा एस डी यों योगेंद्र कुमार, एस डी पी यों मशरक अंचल अधिकारी रविशंकर पांडेय सहित अन्य पुलिस पदाधिकारियों की मौजूदगी मे सड़क जाम स्थल एस एच 73 के पास पहुँच उप व मुख्य प्रत्याशी के कार्यकर्ताओ को समझा बुझाकार पुलिस बल के साथ आवागमन बाहाल कराया गया वही मीरा सिंह के पति सुधीर सिंह का मांग हैं की इस बूथ को केंसिल किया जाय. मौके पर सैकड़ो की संख्या मे कार्यकर्ता व पुलिस बल रही मौजूद.

## बनियापुर प्रखण्ड में कम्बल व अलाव का माकूल व्यवस्था नहीं हुआ अभी तक

**दैनिक शुभ भास्कर बनियापुर (नवनीत मिश्रा)**

**सारण कंकनी भरी तेज हवा व शीत लहर के साथ ठंड चरण सीमा पर है**

**लोग घरों में जमे हुए हैं ठंड से बचने के लिए घरों में कम्बल एवं अलावा के भरपुर सहारा लिए हुए हैं और तमाम इंतजामों में लोग लगे है लेकिन बेवशाय वर्ग के लोग का आना,जाना बाजारों में लगा रहता है साथ ही सभी जनमानस इस बफीली ठंड में एक जगह से दूसरे जगह जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है प्रखंड के लोगों ने कहा कि बाजार मोड़ चट्टी पर प्रचंड ठंड पड़ने के बाद भी प्रशासन के तरफ से किसी भी तरह का कोई भी अलाव का माकूल व्यवस्था नहीं किया गया है इससे ज्यादातर व्यवसाई वर्ग लोग जो बाजार में रहने का काम करते हैं उन्हें ठंड का सामना करना पड़ता है साथी राहगीरों के लिए भी खराब मौसम को देखते हुए कंबल एवं अलार्म का व्यवस्था करना चाहिए।**

# पछेया हवा से ठंड में इजाफा धुप में तेजी पर कुहासा जारी

**दैनिक शुभ भास्कर सारण (अर्जुन सिंह)**



प्रचंड सर्दी ने अपना रूप दिखाना शुरू कर दिया हैं लोगों को घरों में दुबकने के लिए मजबूर होना पड़ रहा हैं ।शीतलहर की वजह से रात एवं सुबह में तेज कनकनी और कंपकंपी बढ़ती जा रही है ।ग्रामीण इलाकों में कोहरे और धुंध की वजह से लोगों को अहले सुबह काफी परेशानी हो रही है।

लेकिन पछेया हवा के शुरू होते ही आसमान साफ हो जा रहा है ।,फलतः दोपहर में धुप की गर्मी से लोगों को ठंड से कुछ राहत मिल रहा है ।चालू मौसम में कुहासे से उत्पन्न सुबह के धुधंलापन से पशु पालन एवं खेती बाड़ी का काम प्रभावित हो रहा है ।लोगों को ठंड से काम काज प्रभावित हो जा रहा है ।उधर खेती बाड़ी के काम में रवि फसलों का पटवन का कार्य करना किसानों के लिए कठिन हो जा रहा है ।पशुपालकों को पशुओं को खिलाने के लिए चारा को खेतों से लाना मुश्किल हो जा रहा है ।किसानों को चालू मौसम में पाला गिरने की आशंका जताई जा रही हैं जिससे खाशकर सब्जी फसलों को भारी नुकसान होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। दूसरी ओर ठंड से बच्चे और बूढ़े लोगों का जीवन यापन करना काफी मुश्किल हो जा रहा है ।बूढ़े एवं बच्चों को संयमित रहना पड़ रहा है। यह हालात जिला व राज्य भर के लोगों को सामना करना पड़ रहा है।

# डीईओ सुपौल का आदेश प्राइवेट स्कूलों पर बेअसर, संचालित हो रही है विद्यालय

**अभिषेक आनन्द /दैनिक सुभ भास्कर, वीरपुर,सुपौल।**



जिले के बिरपूर अनुमंडल अंतर्गत जिले भर में शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करवाने के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।डीईओ सुपौल के द्वारा आदेश जारी किया गया कि 26 दिसंबर से 31 दिसंबर तक ठंड को देखते हुए सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालय को बंद किये जाने की बात कही गयी थी। वही बसंतपुर प्रखंड अंतर्गत भगवानपुर एवं रतनपुर पंचायत में निजी विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। जिसकी पड़ताल शुभ भास्कर रिपोर्टर ने मंगलवार को की, तो जिला शिक्षा पदाधिकारी सुपौल की सूचना प्राइवेट विद्यालयों पर बेअसर साबित होती हुई नजर आयी। क्षेत्र में अधिकतर विद्यालय जिसमे भगवानपुर पंचायत के साहेवान स्थित ब्राइट वे बोर्डिंग स्कूल जिसका व-**DISE**-10060101103 एवं निबंधन संख्या-PSS-24/13 , रतनपुर बाजार स्थित मिथिला पब्लिक स्कूल आदि खुली हुई पायी गयी। तो वही एक निजी विद्यालय बंद पायी गयी। विद्यालय के संचालक बताते है कि सोमवार को साप्ताहिक छुट्टी की वजह से बच्चे को सूचना नही मिल पायी है। तो बात ये भी है कि यदि बच्चे को सूचना नही मिल पाई तो स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चे को विद्यालय लाने के लिए स्कूल वहान क्यो भेजी गई। जबकि सूचना विभाग के द्वारा 24 दिसंबर को ही निकली तो सोशल मीडिया या विद्यालय परिवार फोन या फिसिकल रूप से मिलकर सूचना क्यो नही दी गयी। कही न कही विभाग के अधिकारी एवं निजी विद्यालय के संचालकों के मिलीभगत से सूचना को दर किनार किया गया है। बंद स्कूल के संचालकों ने बताया कि ऐसे में शिक्षा विभाग के अधिकारी की सूचना की अवहेलना की जा रही है। साथ ही जो विद्यालय बंद है उस विद्यालय पर गहरा प्रभाव पड़ता है। ऐसे में पदाधिकारियों द्वारा संज्ञान में लेकर कार्यवाई की जानी चाहिए। क्षेत्र के अधिकतर विद्यालय में सोमवार को साप्ताहिक बंदी रहती है : ब्राइट वे बोर्डिंग स्कूल के शिक्षक दिनेश कुमार दिनकर एवं मिथिला पब्लिक स्कूल के निदेशक शंकर मेहता ने बताया कि सोमवार को साप्ताहिक छुट्टी रहने की वजह से बच्चे को सूचना नही पहुँच पायी। जिस वजह से मंगलवार को विद्यालय खोलनी पड़ी है। 24 दिसंबर को डीईओ सुपौल के द्वारा जारी किया गया था आदेश : अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग पटना दीपक कुमार सिंह के आदेशानुसार बढ़ते ठंड एवं शीतलहर की समीक्षा करते हुए 26 दिसंबर से 31 दिसंबर तक सभी सरकारी और गैर-सरकारी स्कूलों को जिलाधिकारी सुपौल के सहमति पर बंद करने का आदेश जारी किया गया था। साथ ही विद्यालय के ससमय पर सभी शिक्षक उपस्थित होकर विद्यालय के लंबित कार्यों का निष्पादन करेंगे। इस बावत जिला शिक्षा पदाधिकारी सुपौल सुरेंद्र कुमार ने बताया कि एक या दो विद्यालय खुली होगी।

# झपट मार महिला द्वारा एक व्यक्ति के झूले से ₹50000 लेटर फरार हो गई

**सरोज कुमार/दैनिक सुभ भास्कर,किसनपुर, सुपौल**




जिले में किसनपुर प्रखंड मुख्यालय के बाजार स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के समीप एक सीएसपी सेंटर पर एक व्यक्ति ने बुधवार को रुपया जमा कराने आया जहां उसके झोले से 50 हजार रूपए झपट्टा मारकर एक महिला फरार हो गई। जानकारी अनुसार करहैया पंचायत के वार्ड तीन अभुआर गांव निवासी प्रभास चंद झा ने बताया कि बुधवार को लगभग 11:45 बजे स्टेट बैंक के समीप एक सीएसपी सेंटर पर 1लाख रुपए झोला में लेकर जमा करने के लिए आया था। जहां 50 हजार रूपए सीएसपी संचालक को झोला से निकाल कर जमा करने के लिए दिया ,और वे रुपए जमा कर रहे थे। उसके बाद फिर 50 हजार रूपए झोला से निकालने लगा तो झोला से रुपया गायब था। उसे संदेह हुआ की रुपया घर पर ही छूट गया होगा, लेकिन दूरभाष के माध्यम से जब बात किया तो मालूम हुआ की रुपया झोला में ही रखा था।उसके बाद उन्होंने इधर-उधर देखा तो कहीं रुपया नहीं मिला उसके बाद सीएसपी संचालक को घटना के बारे में जानकारी दी तो सीसीएसपी संचालक ने सेंटर में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज चेक किया तो पता चला कि एक महिला ने झोला से रुपए निकालकर फरार हो गई। उसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने थाना में आवेदन देकर रुपए बरामदगी की गुहार लगाई है। इस बाबत थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से महिला की पहचान की जा रही है। आवेदन प्राप्त हुआ है।आगे की कारवाई की जायेगी ।

# थरिया दुर्गा मंदिर प्रांगण में भाजपा मंडल द्वारा कार्यसमिति की हुई अहम बैठक

**सरोज कुमार/दैनिक सुभ भास्कर,किसनपुर, सुपौल**



जिले में किसनपुर प्रखंड क्षेत्र के मलाढ पंचायत के थरिया दुर्गा मंदिर प्रांगण में बुधवार को भाजपा मंडल पूर्वी भाग कार्यसमिति की बैठक मंडल अध्यक्ष महामाया चौधरी जी के अध्यक्षता में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा प्रभारी अशोक सम्राट जी अगामी लोकसभा चुनाव जो केंद्र समिति में सुपौल लोकसभा लड़ना तय हो गया है उसके लिए विस्तार से जानकारी दी वहीं अध्यक्ष महामाया चौधरी जी ने कहा कि जहाँ पन्ना प्रमुख नहीं बना है वहां जल्द से जल्द पन्ना प्रमुख बनाया जाय पन्ना प्रमुख से ही जीत सुनिश्चित है ।उपाध्यक्ष अरुण कुमार जयसवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव की तैयारी में सभी कार्यकर्ता जुट जाय उसके लिये बुथ स्तर पर मजबूत होना जरूरी है इस मौके पर उपस्थित महामाया चौधरी ,अरुण कुमार चौधरी, शिवचंद्र पासवान, महादेव चौधरी, ब्रह्म नारायण सेठ, विनोद चौधरी, शैलेन्द्र झा, बचेलाल शर्मा, रणवीर चौधरी, देवकिशोर साह, मनोज शर्मा, रविन्द्र पासवान, मैथिल अनुज झा, विधानंद साह, बालेश्वर चौधरी, राजन कूमार, सुरेश राम ,अनिल यादव ,सदानंद यादव, कारी चौधरी, रामनाथ चौधरी, शत्रुध्न यादव, मनोज मंडल इत्यादि कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# भाजपा किसान मोर्चा द्वारा यूरिया की किल्लत एवं धान अधिप्राप्ति में तेजी लाने हेतु दिया गया एक दिवसीय धरना

**ब्यूरो/दैनिक सुभ भास्कर, सुपौल**



जिले में यूरिया की किल्लत को दूर करने व धान अधिप्राप्ति में तेजी लाने हेतु भाजपा किसान मोर्चा ने किया एक दिवसीय धरना कार्यक्रम वही महामहिम राज्यपाल और मुख्यमंत्री बिहार सरकार को जिलाधिकारी सुपौल के माध्यम से सोपा12 सूत्री मांगों का ज्ञापन। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा सुपौल जिला इकाई द्वारा आज समाहरणालय सुपौल के समीप डिग्री कॉलेज चौक के पास एक दिवसीय धरना कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा बिहार प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष सरोज रंजन पटेल उपस्थित रहे. ।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नलिन जायसवाल ने किया। धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री पटेल ने कहा कि किसानों के हित में निरंकुश हुई सुबे की सरकार को जगाने हेतु यह हुंकार कार्यक्रम है।केंद्र सरकार की ओर से सुबे की सरकार द्वारा मांग की गई यूरिया की मात्रा को तकरीबन 95% आवंटित किया जा चुका है ।सुबे में और शेष यूरिया का परिवहन मार्ग में है बावजूद सुबे में यूरिया की किल्लत सरकार की कमजोरी और अफसरशाही और थोक विक्रेता के बीच गठजोड़ का परिचायक है । धान अधिप्राप्ति के मामले में भी तकरीबन 45 दिन बीत जाने के बावजूद भी उन्हें 19 % धान ही पैक्स और व्यापार मंडल के द्वारा किसानों से उठाव किया गया है जो किसानों के प्रति सरकार की और असंवेदनशीलता को दिखाता है । धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष प्रधान ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में किसानों को समृद्ध करने हेतु किसान सम्मान निधि,नीम कोटेड यूरिया आदि योजनाओं का क्रियान्वयन करने का कार्य कर रही है वहीं सबे की सरकार मुनाफा खोरों की मदद से अपनी समृद्धि हेतु यूरिया की कृत्रिम अनुपलब्धता दिखा किसानों को परेशान कर रही है ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष नलिन जायसवाल ने कहा कि आज के इस कार्यक्रम के बाद भी यदि जिले में यूरिया की कालाबाजारी और अंकुश और धान अधिप्राप्ति तीव्रता नहीं लाया गया तो किसान मोर्चा सुपौल सभी प्रखंड कार्यालय पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी व प्रखंड विकास पदाधिकारी को घेराबंदी एवं कार्यालय में तालाबंदी का कार्यक्रम करेगी । वहीं पूर्व जिला अध्यक्ष अररिया जिला प्रभारी डॉ विजय शंकर चौधरी ने सरकार की विफलताओं,किसानों के यूरिया के किल्लत एवं शराब से मरने वाले लोगों का मुआवजा देने पर चर्चा किया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री शंकर कुमार ठाकुर ने कहा कि किसान गेहूं का पटवन कर दिन-रात यूरिया के लिए खुदरा विक्रेता के दुकान के शाम तक खड़ा रहता है और बाद में पता चलता है कि अब यूरिया नहीं है। जबकि केंद्र सरकार की ओर से राज्य सरकार के द्वारा मांगी गई यूरिया का आवंटन कर दिया गया है ।उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा यदि ससमय यूरिया उपलब्ध नहीं कराया गया तो प्रत्येक पंचायत स्तर पर जन आंदोलन करेगी ।वहींधरना को संबोधित करते हुए भाजपा जिला महामंत्री सह सभी मोर्चा के प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि जिस तरह सरकार शराबबंदी कर लोगों को जहर वाला शराब पिलाती है उसी तरह किसान का भी स्थिति जर्जर पहुंचाने पर तुली हुई है ।

# यूरिया खाद की किल्लत एवं कालाबाजारी के खिलाफ क्या गया आंदोलन का शंखनाद

**मो0 नजीर/दैनिक सुभ भास्कर,सुपौल**



जिले में छातापुर प्रखंड अन्तर्गत बलराम सिंह नगर कोरियापट्टी स्थित अस्पताल मैदान में किसानों की समस्या पर युरिया खाद के कलाबाजारी एवं किल्लत की समस्या पर आंदोलन का शंखनाद किसान नेता कोरियापट्टी के मुखिया सह मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार यादव एवं राष्ट्रीय युवा महासंघ के अध्यक्ष इंजीनियर एलके निराला के अध्यक्षता में किया गया। किसानों के इस विशाल प्रदर्शन को संबोधित करते हुए किसान नेता एवं मुखिया संघ अध्यक्ष राजेश कुमार यादव ने कहा आज यूरिया खाद की किल्लत से किसान त्राहिमाम है लोगों को ना उचित मूल्य पर खाद मिल रहा है ना ही प्रशासन के लोग इस खबर को प्रमुखता से लेते हैं किसान दिन दिन भर विक्रेता के दुकान के आगे लाइन बनाकर खड़े रहते हैं और जब उनकी बारी आती है तो खाद खत्म हो जाता है यह रोजमर्रा की घटना हो गई है कई जगह तो आपस में किसान लड़कर लहूलुहान भी हो गए खाद की किल्लत की समस्या कारण किसानों की लाला की फसलें बर्बाद हो रही है इसलिए कृषि विभाग के पदाधिकारी को इस विषय जल्द संज्ञान लेना होगा अन्यथा हम लोग उग्र आंदोलन करने को विवश होंगे राष्ट्रीय युवा महासंघ के अध्यक्ष इंजीनियर हल्के निराला ने किसानों के सभा को संबोधित करते हुए कहा आज किसान दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है यूरिया की 5 गुने किमत पर भी आज खाद किसान को नहीं मिल पा रहा है इसका प्रमुख वजह है कालाबाजारी पदाधिकारी कहते हैं कि खाद की कोई समस्या नहीं है और आखिर किसानों को यूरिया मिल क्यों नहीं रही है इसके जिम्मेदार कौन है आखिर कौन भी लोग हैं जो खाद की कालाबाजारी कर अधिक दर पर खाद बेचने का काम कर रहे हैं विभाग इस मामले पर उदासीन क्यों है यदि यही हालत रही तो किसानों की लाला की फसलें बर्बाद हो जाएगी और किसानों की इस समस्या का समाधान विभाग के वरीय पदाधिकारी को समय नहीं करेंगे सबों को उचित दर पर यदि यूरिया खाद की सुनिश्चित नहीं करेंगे तो हम लोग 1 सप्ताह के बाद पूरे जिला में विशाल जन आंदोलन खड़ा करेंगे

# पुलिस द्वाय समकालीन अभियान के तहत विदेशी शयब किया बयमद


**कुंदन कुमार/दैनिक सुभ भास्कर,छातापुर, सुपौल**



जिले में छातापुर थाना पुलिस ने समकालीन अभियान के तहत गुप्त सूचना पर बुधवार की सुबह ई किसान भवन के पास छापेमारी कर 45 लीटर विदेशी शराब बरामद किया। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अभिषेक अंजन ने बताया की अहले सुबह गुप्त सूचना मिली कि मुख्यालय पंचायत के वार्ड संख्या 12 निवासी श्रवण राम अपने आवास पर अवैध शराब की बिक्री करता है, सूचना मिलने पर थाना स्तर से टीम गठित कर छापामारी की कार्यवाही की गई, जिसमे श्रवण राम के घर से टीन के बक्से व प्लास्टिक के बोरे में रखे 750 एमएल का 54 बोतल तथा 375 एमएल के 12 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। हालांकि छापेमारी के दौरान कारोबारी अपने आवास पर नही पाया गया। छापेमारी के दौरान थानाध्यक्ष श्री अंजन, सअनि रमेश कुमार सिंह सहित अन्य सशस्त्र बल शामिल थे। उन्होंने बताया की सअनि रमेश कुमार सिंह के बयान पर छातापुर कांड संख्या 484/22 दर्ज कर शराब कारोबारी श्रवण राम की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# अज्ञात चोरों द्वारा कई घर एवं दुकान में लाखों की संपत्ति को चुराकर किया अपना हाथ साफ

**सरोज कुमार/दैनिक सुभ भास्कर,किसनपुर, सुपौल**



जिले में किसनपुर थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से मंगलवार की रात दो दुकान और 3 घरों को चोरों ने बनाया अपना निशाना । जानकारी अनुसार किशनपुर बाजार स्थित हटिया के पास से दो कपड़ा दुकान से 10 हजार नगद समेत एक लाख की कपड़ा के सामान चोरी कर ली। शिवपुरी पंचायत के वार्ड 11 निवासी कुलदीप कुमार ने बताया कि मंगलवार की रात लगभग 9 बजे रात्रि कपड़ा दुकान को बंद कर घर चले गए। बुधवार की सुबह लगभग 9.00 दुकान पर आया तो देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ है और दुकान में रखें सारा सामान बिखरा हुआ था और गले से 3 हजार नगद गायब था। कुछ कपड़ा भी चुरा लिया। दुसरे दुकानदार शिवपुरी पंचायत के वार्ड 12 निवासी गुल मोहम्मद ने बताया कि मंगलवार की रात लगभग 9:00 बजे दुकान को बंद कर घर चले गए और बुधवार की सुबह लगभग 9.00 बजे दुकान पर आया तो देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ है और दुकान के अंदर रखे समान जहाँ-ताहा बिखरा हुआ था ।उन्होंने बताया दुकान के गले में रखें 8 हजार नगद और40 हजार की कपड़ा पर चोरों ने हाथ साफ कर लिया है। उधर मलाढ पंचायत के वार्ड नंबर सात महीपट्टी गांव निवासी विनोद शाह ने बताया कि घर में रखे दो बक्सा चोरों ने घर में लगे टाट को तोड़कर चुरा लिया ।वही उन्होंने कहा कि घर में रखें एक लाख से अधिक के जेवर और 10 हजार की कपड़ा और 3000 नगद चोरों ने चुरा लिया। वार्ड 6 निवासी नारायण यादव ने बताया कि उसके घर में रखें दो बक्सा चोरों ने घर का दरवाजा तोड़कर चुरा लिया जहां बक्सा में रखें 10,000 नगद और 60 हजार रूपए की जेवर चोरों ने चुरा लिया। इसके अलावा वार्ड नंबर 8 मोहम्मद तैयब के घर में रखें दो बक्सा को चोरों ने घर का दरवाजा तोड़कर चुरा कर ले गया जहां बक्सा में रखें 2 लाख रूपए कि जेवर और 25 हजार नगद समेत 90000 की महंगे सारी कपड़ा आदि चुरा लिया। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी पुलिस को दी है। इस बाबत थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# जाप सुप्रीमो सांसद राजेश रंजन और पप्पू यादव ने कांग्रेस नेता शक्ति देव सिंह के निधन पर परिजनों को दीया सांत्वना

**कुन्दन कुमार/दैनिक सुभ भास्कर,छातापुर, सुपौल**



जिले में छातापुर प्रखंड अंतर्गत जाप सुप्रिमों सह पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव मंगलवार की देर संध्या प्रखंड के चुन्नी पंचायत पहूंचे। पूर्व मुखिया व कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे दिवंगत शक्तिदेव सिंह के परिजनों से मुलाकात की और शोक संवेदना व्यक्त किया।इस दौरान उन्होने स्व श्री सिंह के पुत्र द्वय परमानंद सिंह एवं सचितानंद सिंह से कुशल क्षेम पुछा और पिता के अमूल्य योगदान व जीवनी से अवगत हुए। जाप सुप्रीमो ने कहा कि स्व सिंह के निधन से पंचायत ही नहीं प्रखंड को अपूर्णिय क्षति हुई है। उनका निधन से समाजिक एवं राजनैतिक क्षेत्र मे एक यूग का अंत हुआ। कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे श्री सिंह की आत्मा की शांति हेतू उन्होने ईश्वर से विनती भी की।

# फरार चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने भेजा जेल

**अभिषेक आनन्द/ दैनिक सुभ भास्कर,वीरपुर, सुपौल।**

जिले के बिरपूर अनुमंडल में बीरपुर - भीमनगर थाना कांड संख्या 126/22 में फरार चल रहे अभियुक्त को भीमनगर ओपी की पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। भीमनगर ओपी प्रभारी अमरनाथ कुमार ने बताया कि लूट कांड में फरार चल रहे अभियुक्त मोहम्मद समद, पिता मोहम्मद रहीमुद्दीन साकिन कमलपुर वार्ड नंबर 6, थाना बलुवा बाजार है। नामजद को पकड़ कर पुलिस प्रक्रिया के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# कटिहार नरसंहार की हो सीबीआई जांच आरोपी की जल्द हो गिरफ्तारी तथा फांसी की सजा- इंजीनियर निराला

**ब्यूरो/दैनिक सुभ भास्कर,छातापुर, सुपौल**



जिले में छातापुर प्रखंड के मवेशी हाट गोचर में राष्ट्रीय युवा महासंघ से जुड़े कार्यकताओं ने कटिहार नरसंहार के खिलाफ सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया प्रदर्शन का नेतृत्व राष्ट्रीय युवा महासंघ के मार्गदर्शक दिलीप कुमार यादव कर रहे थे। कटिहार नरसंहार में मारे गए मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित किया गया तथा कटिहार प्रशासन बिहार सरकार एवं कटिहार नरसंहार के मुख्य आरोपी मोहना ठाकुर के खिलाफ नारेबाजी की गई राष्ट्रीय युवा महासंघ के अध्यक्ष इंजीनियर एलके निराला के आह्वान पर आंदोलन किया गय राष्ट्रीय युवा महासंघ के अध्यक्ष ने कहा हमने मानवता के नाते नरसंहार में मृतक परिवार से मिलकर न्यायिक लड़ाईसाथ देने का भरोसा दिया था। कटिहार नरसंहार के मृतक परिवार से मिले राष्ट्रीय युवा महासंघ अध्यक्ष इंजीनियर एलके निराला मिलकर दिया सांत्वना। राष्ट्रीय युवा महासंघ अध्यक्ष इंजीनियर निराला ने बताया कटिहार जिला के मोहना चांदपुर गांव में मानवता को शर्मसार करने वाली अमानवीय वारदात को जातिवादी मानसिकता से ग्रस्त भुमिहार जाति के मोहना ठाकुर ने अंजाम दिया जिसमें यादव समुदाय के सात लोगों की निर्मम नरसंहार किया गया जिसका गुनाह मात्र इतना था कि वह भैस का टैक्स नहीं दिया था मोहना ठाकुर गंगा के दियरा क्षेत्र में प्रत्येक भैंस पर 2000 रूपय रंगदारी लेता था इतना ही नहीं मोना ठाकुर उस इलाके में गोली और बंदूक के भाई से सबका माहौल तैयार कर रखा जिसके भय से लोग डर के मारे निरंकारी देते हैं और इसकी शिकायत करने पर ऐसे लोगों को गोली मरवा देते हैं कहा जाता है स्थानीय एमएलसी अशोक अग्रवाल का मोहना ठाकुर को संरक्षण प्राप्त है । इंजीनियर निराला ने कहा मोहना ठाकुर एक पैशेवर गुंडा और डकैत है जिसके ऊपर दर्जनों मुकदमा दर्ज है कई बार जेल का चक्कर भी लगा चुका है

# समदा भवानीपुर मार्ग में राजपुर कैनाल पर बनी पुल क्षतिग्रस्त

**अभिषेक आनन्द /दैनिक सुभ भास्कर, वीरपुर ,सुपौल।**

जिले में वीरपुर अनुमंडल के बसंतपुर प्रखंड क्षेत्र के समदा से भवानीपुर जाने वाली मुख्य मार्ग की हालत दिन प्रतिदिन जर्जर होती जा रही है। तो वही राजपुर मुख्य केनाल पर बना पुल क्षतिग्रस्त होकर टूटने के कगार पर पहुंच चुकी है। पुल से गुजरते समय वाहन के अचानक अनियंत्रित होने पर सीधे नहर में ही जाकर गिरेगी। एवं दुर्घटना के शिकार हो सकते है। उक्त पुल कभी ना कभी टूट सकती है। दोनों तरफ लगे रेलिंग भी पूर्णता क्षतिग्रस्त हो चुकी है। साथ ही निचला हिस्सा भी झड़ कर नीचे गिर रही है। जिससे होकर भारी वाहनों के आने जाने का सिलसिला लगातार जारी है। तो वही छोटे वाहनों को जाने में दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। पुल को पार करने के लिए राहगीरों को डर समा जाता है। बता दे कि यह दीनबंधी एवं भगवानपुर पंचायत को जोड़ने वाली पुल है। इनके क्षतिग्रस्त होने से दोनों पंचायत में आना जाना एवं व्यवसाय बाधित हो जाएगी। इस सड़क से भगवानपुर, रतनपुर, सातनपट्टी एवं अन्य पंचायत के लोगो का प्रखंड कार्यालय एवं अनुमंडल कार्यालय साथ ही न्यायालय भी आना जाना लगा रहता है। स्थानीय ग्रामीण जितेंद्र कुमार यादव, ज्ञानेश्वर यादव, आशीष कुमार मुखिया, रामदेव कुमार मेहता, कृष कुमार यादव, ब्रजेश यादव, बिनोद यादव , लखीचंद यादव, भुवनेश्वर मुखिया, पप्पू कुमार यादव आदि ने बताया कि सड़क में चल रही निर्माण कार्य में बालू ढ़ोने के लिए हाईवा के द्वारा कटैया पलार से उक्त पुल के रास्ते ही किया जाता है।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह,उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737,प्रजापति पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।